




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 14, अंक 321 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, शनिवार 04 अक्टूबर 2025 www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा : डिवाइडर से टकराई बस, 13 यात्री हुए घायल

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे पर तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। नोएडा से कानपुर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे 15 यात्री घायल हो गए। यह घटना बलदेव थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 131.600 (नोएडा से आगरा की ओर) पर हुई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को आगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ यात्रियों का आरोप है कि बस चालक नशे में था। पुलिस की ओर से इस बात की जांच की जा रही है कि क्या बस चालक सच में नशे में था या किसी और कारण से यह सड़क हादसा हुआ। प्राथमिक जांच में पता चला कि बस चालक को नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा रात लगभग 02ः10 बजे हुआ। कॉलर राम निवास द्वारा 02ः16 बजे पीआरवी 1934 को घटना की सूचना दी गई थी।

### आपसी कहासुनी में पति ने लगाई फांसी

**रायबरेली ।** बछरावां थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दंपति के बीच बीते देर शाम किसी बात को लेकर आपस में हुई कहासुनी के बाद नाराज पति ने घर के बाहर स्थित बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी मिलते ही पत्नी ने भी घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर महिला को इलाज के लिए सीएससी पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बछरावां थाने के कुशली खेड़ा मजरे खैरहनी गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का अपनी पत्नी कोमल से किसी बात को लेकर बीते मंगलवार की देर शाम किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच आपस में विवाद होने लगा। से नाराज होकर पति मुकेश कुमार गांव के बाहर स्थित बबूल के पेड़ के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी खबर जब घर पहुंची तो पति की मौत का सदमा व पत्नी कोयल बर्दाश्त नहीं कर पाई। उसने घर में रखी सल्फास की गोली खाली।

### मां बूढ़ी दादी को जानवरों की तरह पीटती रही, बेटा बनाता रहा वीडियो

**गुरदासपुर ।** पंजाब के गुरदासपुर से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसका वीडियो देखकर आपकी रूह कांप जाएगी। यहां एक कलयुगी बहू ने अपनी बूढ़ी सास को जानवर की तरह पीटा, लेकिन उससे भी ज्यादा शर्मनाक यह रहा कि इस पूरी हैवानियत के दौरान उसका बेटा, यानी पीड़िता का पोता, अपनी दादी को बचाने की बजाय पूरी घटना का वीडियो बनाता रहा। यह दिल दहला देने वाला वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया है। वायरल हो रहे वीडियो में, जो गुरदासपुर के गांव कोठे का बताया जा रहा है।

गृहमंत्री शाह का सीएम साय ने विमानतल पर किया आत्मीय स्वागत

# बस्तर दशहरा में करेंगे शिरकत इन अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

रायपुर/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वामी विवेकानंद विमानतल पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। विमानतल पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ,पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, मुख्य सचिव श्री विकास शील, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, आईजी श्री अमरेश मिश्रा, संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने भी केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ जगदलपुर प्रवास पर रहेंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यहां से वे सीधे नवा रायपुर के एक निजी होटल जाएंगे। वहीं पर रात में आराम करेंगे। इस दौरान प्रदेश के सीनियर बीजेपी नेताओं के साथ कई सियासी मुद्दों पर बैठक कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, शाह राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात और आगामी रणनीतियों पर बीजेपी नेताओं से चर्चा कर सकते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। चार अक्टूबर को सुबह में बस्तर पहुंचेंगे। फिर दंतेवाड़ा



में सुबह साढ़े ग्यारह बजे माता दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। फिर मुरिया दरबार में शामिल होंगे। यह बस्तरिया आदिवासी परंपरा और संस्कृति से जुड़ा अहम आयोजन है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शाह के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शाह दोपहर एक बजे विश्व विख्यात बस्तर दशहरा में भी शामिल होंगे। इसके बाद वे अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। आदिवासी समाज से सीधा संवाद भी कर सकते हैं। फिर बस्तर से रायपुर पहुंचेंगे। यहां से वापस दिल्ली लौट जायेंगे। सबसे बड़ी और खास बात ये है कि शाह के इस दौरे का सबसे बड़ा उद्देश्य नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में चल रहे नक्सल अभियानों की समीक्षा करना है। वे बस्तर में सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। नक्सल अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री ने मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प लिया है। इस दिशा में सुरक्षा बल लगातार छत्तीसगढ़ में सक्रिय है। आये दिन नक्सली एनकाउंटर में मारे जा रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर भी कर रहे हैं। दो अक्तूबर को बीजापुर जिले में 103 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया था। ये छत्तीसगढ़ के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा माआवोदी आत्मसमर्पण था।

### बेहतर नक्सल पुनर्वास नीति से नक्सली कर रहे सरेंडर- सीएम साय

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले बीजापुर जिले में दो अक्टूबर को 103 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफलड़ाई में सुरक्षा बल के जवानों को लगातार सफलता मिल रही है। साथ ही हमारी सरकार की नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति और नियदनेल्लानार से प्रभावित होकर नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। अब तक 1890 से अधिक माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं, जो सरकार की नीतियों की प्रभावशीलता और जनता के विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और नियदनेल्लानार योजना ने लाल आतंक के भ्रम से भटके लोगों के दिलों में विश्वास और आशा का दीप प्रज्वलित किया है।

राहुल गांधी के बयान पर सियासी बवाल

## भाजपा ने कांग्रेस सांसद को मोदी-ए-बिंदु से ग्रस्त बताया

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के कोलंबिया में 'मोदी सरकार' पर 'भारतीय लोकतंत्र' को खतरा बताने वाले बयान पर 'सियासी बवाल' मच गया है। 'भाजपा' ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद को 'भारत विरोधी ताकतों' का पिछलग्गू बताया और 'विदेशी धरती' से ऐसे बयान देने की निंदा की। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी' के विरोध में अंधे होकर 'मोदी-ए-बिंदु' से ग्रस्त होने का आरोप लगाया। कोलंबिया में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया बयानों ने देश की



राजनीति में भूचाल ला दिया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस सांसद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, '100 साल तक एक ही परिवार के शासन के बाद भी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में कन्या पूजन किया।

विजय पर बुरी तरह भड़क गया हाई कोर्ट

## घटनास्थल से भागना मानसिकता दर्शाता है

**नई दिल्ली।** मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने करूर भगदड़ के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। अदालत ने इस तरह के आचरण की कड़ी निंदा की, खासकर जब महिलाओं और बच्चों की मौत हुई हो। अदालत ने कहा कि यह अभिनेता-राजनेता की मानसिक स्थिति को दर्शाता है। न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार ने कहा कि भगदड़, जिसमें 41 लोगों की जान चली गई, को ठीक से नहीं संभाला गया था और कहा कि राज्य विजय




के प्रति नरमी बरत रहा है। न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार ने आयोजकों और पुलिस, दोनों से ज़िम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए पूछा कि एक कार्यक्रम आयोजक होने के नाते, क्या आपकी कोई ज़िम्मेदारी नहीं है? अदालत ने विजय के प्रति राज्य की नरमी पर नाराज़गी जताई।

सर क्रीक विवाद अचानक से चर्चा में क्यों आया

## राजनाथ सिंह ने चेताते हुए कहा इतिहास-भूगोल सब बदल देंगे

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच सर क्रीक विवाद दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे क्षेत्रीय विवादों में से एक है, जिसकी जड़ें भारत की आज़ादी से पहले की हैं। हालाँकि यह विवाद अक्सर व्यापक भारत-पाकिस्तान संबंधों में गौण हो जाता है, फिर भी यह विवाद अपने सामरिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों के कारण महत्वपूर्ण है। भारत के शीर्ष खुफिया और नौसेना सूत्रों ने खुलासा किया है कि किस तरह से पाकिस्तान सिंध के दक्षिण-पूर्वी



इलाके में भारत और पाकिस्तान के बीच विवादित क्षेत्र सर क्रीक में सैन्य परिसर, सैन्य छावनियां और आपातकालीन हवाई पट्टियां स्थापित कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में सर क्रीक क्षेत्र के पास पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे सैन्य निर्माण को लेकर उसे कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी दुस्साहस का इतना कड़ा जवाब मिलेगा कि वह इतिहास और भूगोल दोनों बदल सकता है। शस्त्र पूजन के अवसर पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए, उन्होंने पाकिस्तान पर लंबे समय से चले आ रहे सर क्रीक विवाद को जानबूझकर भड़काने का आरोप लगाया, जबकि भारत इसे बातचीत के ज़रिए सुलझाने के बार-बार प्रयास कर रहा है। सिंह ने कहा कि गुजरात तटरेखा के साथ रणनीतिक रूप से संवेदनशील सर क्रीक से सटे इलाकों में पाकिस्तानी सैन्य बुनियादी ढांचे का हालिया विस्तार पाकिस्तान के अस्पष्ट इरादों और उकसावे वाले रुख को दर्शाता है।

### गौतम अदानी ने नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण में शामिल लोगों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से पहले, गौतम अदानी ने अपने दिव्यांग साथियों, निर्माण श्रमिकों, महिला कर्मचारियों, इंजीनियरों, कारीगरों, अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा गार्डों से मुलाकात की। इन लोगों ने हवाई अड्डे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह हवाई अड्डा 3,700 मीटर के रनवे के साथ बड़े वाणिज्यिक विमानों को समायोजित करने में सक्षम होगा। हवाई अड्डे में उन्नत यात्री टर्मिनल और आधुनिक हवाई यातायात नियंत्रण प्रणालियां होंगी।

ऑपरेशन सिंदूर-आईएएफ प्रमुख का खुलासा

## भारत ने पाकिस्तान के 4-5 लड़ाकू विमान गिराए-सिंह..

नई दिल्ली/ एजेंसी

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय भारतीय सशस्त्र बलों की एकता को देते हुए कहा कि इसने दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर करने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढाँचे को निशाना बनाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक हवाई हमले किए। भारत ने अपने हमले में नौ



आतंकवादी शिविरों पर हमला किया और 100 से ज़्यादा आतंकवादियों का सफाया कर दिया। 93वें वायुसेना दिवस समारोह में बोलते हुए, एयर मार्शल सिंह ने कहा कि आतंकवादियों को पहलगाम के कायराना हमले की कीमत चुकाने की भावना थी। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया इतिहास में एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू हुई और बिना ज़्यादा समय गँवाए तेज़ी से पूरी हुई प्रतिक्रिया के रूप में दर्ज की जाएगी। उन्होंने सीमा पार से चार दिनों की गोलीबारी के बाद 10 मई को शत्रुता समाप्त करने के लिए बनी सहमति का ज़िक्र करते हुए कहा, हम उन्हें उस मुकाम तक पहुँचा सकते थे। जहाँ वे युद्धविराम की माँग करें, युद्धविराम की माँग करें, और हमने एक राष्ट्र के रूप में उन अवसरों को समाप्त करने का भी फ़ैसला किया क्योंकि हमारे अपने उद्देश्य पूरे हो गए हैं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी करने वाली महिला-बाल विकास विभाग की फरार परियोजना अधिकारी कब चढ़ेगी पुलिस के हत्थे ?

अलग-अलग जिलों से और भी पीड़ित आ सकते हैं सामने

दुर्ग (समय दर्शन)।

महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ जिला परियोजना अधिकारी रचिता नायडू पर नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि उन्होंने युवती को जिला बाल संरक्षण अधिकारी की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उसकी मां के सोने के गहने गिरवी रखवाकर लाखों रुपए ले लिए। लेकिन वादे के मुताबिक नौकरी नहीं दिलाई और शिकायत करने पर पीड़िता को धमकाने तक लगी।

पीड़िता श्वेता जांगिड (24 वर्ष), निवासी मठपारा, दुर्ग ने रिपोर्ट में बताया कि रचिता नायडू ने घरेलू संबंधों का फायदा उठाया। पहले 5 लाख और बाद में 5 लाख और लेकर कुल 10 लाख रुपए ऐंठ लिए। लेकिन जुलाई में जारी इंटरव्यू लिस्ट में उसका नाम नहीं था। जब श्वेता ने सवाल उठाए तो आरोपी ने नंबर ब्लॉक कर दिया और रायपुर के कथित पुलिस अधिकारी का नाम लेकर धमकी दी कि शिकायत करने पर जेल भेज दिया जाएगा।

**पुलिसिया कार्यवाही में भेदभाव संदेह-** मामला दर्ज होने के बावजूद आरोपी रचिता नायडू और उसके




सहयोगी दिनेश राय अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सूत्रों का कहना है कि आरोपी लगातार ठिकाना बदल रही है और पुलिस उसके गुप्त ठिकानों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है।

**अलग-अलग जिलों से और भी पीड़ित आ सकते हैं सामने-** पुलिस जांच के दौरान इस बात की आशंका जताई जा रही है कि रचिता नायडू ने इसी तरह और भी युवाओं व परिवारों को नौकरी का लालच देकर ठगा हो सकता है। कई पीड़ित सामने आने की तैयारी में हैं।

**पुलिस कब तक गिरफ्तार कर पाएगी ?-** तेज़तर्रार कार्रवाई का दावा करने वाली पुलिस इस मामले में अब तक गिरफ्तारी नहीं कर सकी, जिससे उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। एक ओर युवती और उसका परिवार न्याय की गुहार लगा रहे हैं, दूसरी ओर आरोपी खुलेआम घूम रही है।

अब देखना यह होगा कि पुलिस कब तक आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़ित को न्याय दिलाती है और क्या विभागीय स्तर पर भी इस बड़े घोटाले की जांच शुरू की जाएगी।

# दुर्ग निगम की मिलीभगत बेनकाब : रसूखदार माली ने हड़पी लाखों की जमीन, राजस्व निगम की तिजोरी खाली

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग नगर निगम की नाकामी और मिलीभगत की पोल एक बार फिर खुल गई है। जिस जमीन से निगम को हर माह लाखों का राजस्व मिलना चाहिए, उस पर राजनीतिक रसूखदार माली ने अवैध कब्जा कर रखा है। निगम के बाजार विभाग और राजस्व निरीक्षकों की शह पर यह खेल महीनों से बेखौफ चल रहा है।

**आवेदन वालों के लिए नियम, रसूखदारों के लिए छूट-** निगम का नियम साफ है ङ्क जो भी व्यक्ति या संस्था नगर निगम की भूमि पर अस्थायी व्यवसाय करना चाहती है, उसे आवेदन देकर स्क्वायर फीट के हिसाब से मासिक किराया चुकाना होता है। मगर, फिल्टर प्लांट के सामने हजारों स्क्वायर फीट की कीमती जमीन पर माली ने कब्जा कर पौधों का व्यापार शुरू कर दिया। उसने बाकायदा पूरा परिसर ताला लगाकर अपनी निजी संपत्ति बना डाला। निगम का राजस्व वहीं का वहीं ठप है और जेबें कहीं और भर रही हैं।

**शिकायतें दबाई, कार्रवाई सिर्फ चालान तक-** स्थानीय नागरिकों ने इस अवैध कब्जे की शिकायत



बार-बार निगम कार्यालय में की, मगर निगम अधिकारी हर बार चालानी कार्रवाई कर फाइल को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। साफ है कि निगम का बाजार विभाग इस पूरे खेल में मिलीभगत कर रहा है। यह सिर्फ दिखावे की कार्रवाई जनता को गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं।

**लाखों का राजस्व बर्बाद-** यदि यही जमीन वैध प्रक्रिया से किराए पर दी जाती तो निगम को हर महीने लाखों रुपये का राजस्व मिलता। मगर अब निगम को सीधा नुकसान और माली को सीधा फायदा हो रहा है। सवाल यह है कि आखिर नगर निगम की तिजोरी से ये रकम कहां बह रही है और किसके जेब में जा रही है?

**कार्रवाई का ढोल, नतीजा सिफर-** अब निगम प्रशासन कह रहा है कि फाइल मंगाई जा रही है और राजस्व निरीक्षकों को जांच के आदेश दिए गए हैं। मगर जनता सवाल कर रही है ङ्क जब महीनों से कब्जा चल रहा था तो अधिकारी सोए क्यों थे? क्या अब भी कार्रवाई होगी, या हमेशा की तरह रसूखदारों को बचाने के लिए पूरा मामला धुंधला कर दिया जाएगा ?

**लगातार मिल रही शिकायतों -** के बाद निगम प्रशासन ने राजस्व निरीक्षकों को संबंधित फाइल मंगाने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बाजार विभाग के अभ्युदय मिश्रा ने कहा है कि शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई तय है।

## संक्षिप्त समाचार

### साईं मंदिर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**दुर्ग ।** लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह अंतर्गत आज 4 अक्टूबर को साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनकी टीम सेवाएं देगें। यह शिविर प्रात: 11 बजे से शुरु होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह जानकारी सेवा सप्ताह संयोजक एमजेएफपीबी सक्सेना ने दी है।

### किरंदुल परियोजना में धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती



**किरंदुल ( समय दर्शन )।** एनएमडीसी लिमिटेड की प्रमुख परियोजना, बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स में 02 अक्टूबर 2025 को महात्मा गांधी की 156वीं और लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती प्रशासनिक भवन में गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रवींद्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की। उन्होंने दोनों महान नेताओं के जीवन, उनके आदर्शों और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में के.पी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), पी.बी. एंटोनी, महाप्रबंधक (सामग्री), धीरेन भूषण, महाप्रबंधक (खनन), मो. तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एस.के. पांडे, उप महाप्रबंधक (सिविल), एस.के. पाल, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण), और संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने दोनों महान व्यक्तित्वों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने गांधी और शास्त्री जी के सिद्धांतों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन दोनों महापुरुषों के आदर्शों और देशसेवा के प्रति उनकी निष्ठा को याद करने का एक सार्थक अवसर रहा।

### बीएमओ साजा को हटाने सौंपा ज्ञापन




**साजा ( समय दर्शन )।** ग्राम पंचायत बेलतरा में हुए मधुमक्खी हमले में बीएमओ द्वारा किसी भी प्रकार से मदद नहीं किए जानें पर एव ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में सर्प डंस के मामले में साजा बीएमओ के द्वारा इलाज के लिए सहयोग नही करने के संबंध में 2 अक्टूबर को बीएमओ साजा को हटाने साजा एसडीएम को ज्ञापन दिया गया।7 दिवस के भीतर के साजा बीएमओ डॉ.अश्वनी वर्मा को निलंबन का कार्यवाही नही होता तो बेलतरा और जाता के समस्त ग्रामवासी एवम भीम रेजीमेंट के द्वारा उग्र आंदोलन कार्यालय घेराव के लिए बाध्य रहेगा।

### पोको का शानदार फेस्टिव ऑफ़र: फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ सेल में स्मार्टफोन्स पर मिल रही हैं बेमिसाल डील्स

**नईदिल्ली।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको इंडिया अपने 'पोको फेस्टिव मैडनेस' कैंपेन के साथ त्योहारों की खुशियां बढ़ाने के लिए तैयार है। कंपनी फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान अपनी X, F, M & C सीरीज के आधुनिक स्मार्टफोन्स अविश्वसनीय कीमतों में पेश कर रही है। यह बेहद प्रतीक्षित फेस्टिव सेल अब 23 सितंबर से मध?य रात्रि 12 बजे से फ्लिपकार्ट पर लाइव हो गई है। पोको पहले कभी ना देखे गए बेबेहतरीन इनोवेशन के साथ, भारत भर के टेक उत्साही लोगों के लिए इस त्योहारी सीजन को वास्तव में खास बना देगा।

# पद्मनाभपुर में जलाया गया 70 फीट अहंकारी रावण का पुतला



### रामलीला का मंचन और गगनभेदी आतिशबाजी रहा आकर्षण का केंद्र

### प्रभु श्री रामचंद्र के आदर्शों को जीवन में करें आत्मसात- दीपक दुबे

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष को यादगार बनाने पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में गुरुवार को विजयादशमीं का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर करीब 70 फीट विशालकाय रावण के पुतले के साथ कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला जलाया गया, वहीं प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का संगीतमय मंचन और गगनभेदी आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रसिद्ध कलाकार नकुल महलवार के निर्देशन में आयोजित रामलीला के मंचन ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। जिससे पूरा स्टेडियम रामलीला आयोजन के बीच-बीच में जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। घंटो चले गगनभेदी आतिशबाजी के रोशनी से दशहरे में दिवाली पर्व का माहौल बना। दशहरा उत्सव में बारिश बाधक बनी, लेकिन लोगों के उत्साह के सामने बारिश भी फीका पड़ गया। लोगों ने हल्की बारिश में भीगते हुए दशहरा उत्सव का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सीख देती है कि कितना भी हमारे सामने कठिनाई क्यों ना आए, लेकिन हमें हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, यह प्रभु श्री रामचंद्र का आदर्श है। जिसे हमें आत्मसात कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रत्नाकर राव ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर निगम एमआईसी सदस्य लीलाधर पाल, पार्षद संजय अग्रवाल, दीपक साहू, स्पर्श मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक वर्मा मौजूद रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित कर आयोजन की सराहना की और युवा टीम को बधाई दी। संचालन समाजसेवी कुलवंत भाटिया ने किया। इस अवसर पर न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति पदमनाभपुर के अध्यक्ष अनुज दुबे, अनिल वर्मा, अशवस्त सिंह, संजय नामदेव, ऋषि गुरुबक्शानी, सतीश पांडेय, तुषार कुमार, विनोद राणा, आनंद कपूर ताम्रकार, प्रीतम देशमुख के अलावा हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बीटीएस द्वारा बचेली में गरबा नाईट सीजन 4 का शानदार आयोजन

### फाइनल में मातृका ग्रुप विजेता, 17 टीमो ने लिया था हिस्सा



**बचेली ( समय दर्शन )।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर बचेली रिक्रिएशन क्लब में बीटीएस यानि बेस्ट टैलेंट शो द्वारा गरबा नाईट का इस वर्ष चौंथा सीजन का आयोजन शानदार तरीके से कराया गया। 29 सितंबर से 1 नवंबर तक हुए इस गरबा नाईट में अंतिम दिन फाइनल में 17 टीमो ने हिस्सा लिया। जिसमे किंरदुल के मातृका ग्रुप विजेता रही वही द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमश: एन जे ग्रुप बचेली व सिम्पल डांसर ग्रुप बचेली रही। बीटीएस के सदस्य सलमान नवाब ने बताया कि हमारा उदेश्य है स्थानीय प्रतिभा को मंच प्रदान करना। तीन दिन के इस कार्यक्रम में पहले दिन विभिन्न समाज के द्वारा गरबा के माध्यम से अपने समाज के संस्कृतिक को दर्शाया गया। दूसरे दिन सभी बचेली वासियो के ओपन गरबा का आयोजन किया गया। तीसरे दिन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस फाइनल में मुख्यतिथि के रूप में श्रीधर कोडाली, परियोजना प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स, टी . शिवा (मुख्य महाप्रबंधक)खनन , महेश नायर (महाप्रबंधक)
मानव संसाधन,, विशेष अतिथि पालिकाध्यक्ष राजू , टीजे शंकरराव, आशीष यादव थे। गौरतलब है कि बीटीएस द्वारा पिछले चार वर्षो से यह गरबा नाईट का आयोजन किया जा रहा है। इस सफल आयोजन में बीटीएस समिति के करन सिंह, सलमान नवाब, स्माइल सोनी, सुमित चैहान, सुजीत सिंह, राकेश नेतमा, मनीराम भास्कर, तेमन सिंह सिद्धार्थ सोनी , नरेश,राहुल, दिलीप, कृष्णा,हरीश, बेनू,वीरेंद्र व अन्य का योगदान रहा।

# परियोजना में स्वच्छता ही सेवा-2025 का भव्य आयोजन, समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

हैदराबाद स्थित एनएमडीसी लिमिटेड मुख्यालय के निर्देशानुसार, किरंदुल परियोजना में स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता मार्च, कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की गईं। कार्यक्रम का समापन 2 अक्टूबर, 2025 को परियोजना विद्यालय बीआईओपी स्कूल के सभागार में हुआ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि रवींद्र नारायण, अधिशासी निदेशक, ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह एक ऐसी आदत है, जो हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखती है। इसे अपनाकर हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। समारोह में के.पी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), देवरायलू, अध्यक्ष, श्री रौशन मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष (एसकेएमएस),




ए.के. सिंह, सचिव (एमएमडब्ल्यू यूनियन), मो. तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एस.के. पांडे, उप महाप्रबंधक (सिविल), अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन पारितोष तिवारी, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अभिजीत मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने प्रस्तुत किया

# अपने जन्मदिन पर लोकेश पटेल ने लगाया रक्तदान शिविर, 22 यूनिट रक्त संग्रह

**साजा ( समय दर्शन )।** भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता लोकेश पटेल ने अपने जन्मदिन को समाजसेवा को समर्पित करते हुए सामुदायिक उपस्वास्थ्य केन्द्र गुवारा, थानखम्हरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा था और कुल 22 यूनिट रक्तदान किया गया।

**जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बने सहभागी-** रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजसेवी शामिल हुए। प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, जिला पंचायत सभापति गोवेंद्र पटेल, परमेश्वर वर्मा, आदर्श जोशी, घनश्याम ठाकुर, राजेश सिंघानिया, राजेश ठाकुर, चंद्रशेखर राजपूत, पुन्नी यादव, भार्गव लोधी, गणेश वर्मा, राज पटेल, सोनू शर्मा और पारस नाथ योगी ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया।

**समाजसेवा का संकल्प-** इस अवसर पर लोकेश पटेल ने



कहा कि जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर समाज के लिए कुछ करने का संकल्प लेना ही सच्चा उत्सव है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिलता है, यही सबसे बड़ा पुण्य है।

आयोजन की सफलता पर लोकेश पटेल ने रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# बरगा में नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई

### सांग बाना का भव्य प्रदर्शन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**साजा ( समय दर्शन )।** शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर बरगा के बाजार चौक स्थित मंडल पारा में प्रतिवर्ष की भांति माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुआ। नौ दिन तक पूजन-अर्चन और सेवा उपरांत ग्रामवासी श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर माता को अश्रुपूरित विदाई दी।

**सांग बाना बना आकर्षण का केंद्र-** विसर्जन शोभायात्रा संगीत, नृत्य और भक्ति रस से सराबोर रही। इस दौरान सांग बाना का भव्य आयोजन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। गांव के लगभग 30 युवक और आसपास क्षेत्र के 20 युवक सांग धारण कर नृत्य करते हुए माता को विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे।

**सांगधारी युवकों में प्रमुख रूप से -** गोपाल साहू, अमित साहू, मोनू कुमार साहू, भावेश भागवत साहू, पुरुषोत्तम यादव, अजय साहू, डकेश साहू, मुकेश साहू, निलेश पाल, रूपेन्द्र पाल, कमलेश पाल, पोषण यादव, जयराम छोटू साहू, लाकेश साहू, योगेश कुमार, ढालसिंह साहू, हेमंत निर्मलकर, प्रदीप साहू, नरेश




साहू सहित अन्य युवक शामिल रहे।

**श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम-** विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। माता की विदाई के क्षण में कई नर-नारी भावुक होकर अश्रु बहाने लगे।

**समिति ने जताया आभार-** आयोजन की सफलता पर समिति के मुख्य व्यवस्थापक पीलूराम साहू (शिक्षक) ने समिति सदस्यों, ग्रामवासियों, सांगधारियों और क्षेत्रीय दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर समिति के पं. नीलधर तिवारी, बिसाहू साहू, देवसिंह साहू, कन्हैया पाल, पुनाराम साहू, पोषण पाल, हेमंत साहू (शिक्षक), ओम पाल, श्रवण कुमार साहू, रूपेश साहू, अरुण साहू, नेतराम साहू, घनश्याम साहू, भरत साहू, मनोज साहू, राजु साहू, जलेश्वर निर्मलकर, थानसिंह साहू, छन्नूराम साहू, लालसिंह साहू, हरेन्द्र साहू, अश्वनी पाल, अजय साहू, उत्तम साहू, रमेश साहू, शंकर साहू, हरिसिंह साहू, सीताराम साहू, डाकवर यादव, मलवा यादव, विरेन्द्र यादव, कुलेश्वर साहू, जागेश्वर साहू सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने की मेला स्थल पर डोम निर्माण एवं तेलासी-भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने की घोषणा

# गुरु घासीदास बाबा के आदर्शों पर चलकर बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री श्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायपुर जिले के आरंग तहसील अंतर्गत भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें नवीन सड़क निर्माण, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मेला स्थल पर डोम निर्माण, तेलासी-भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा कुटेसर प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि समाज से पाँच युवा पायलट बनना चाहें तो उनका पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और उन्हें पायलट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सर्वप्रथम गुरु गद्दी का दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। उनके आदर्शों में मानवता और समानता की सीख निहित है। गुरु बाबा ने समाज को एकजुट होने का संदेश दिया, जिसके परिणामस्वरूप सतनामी समाज आज प्रगति और सौहार्द की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि पिछले वर्ष भी मुझे मुख्यमंत्री के रूप में इस मेले में शामिल होने का अवसर मिला। लेकिन इस वर्ष और पिछले वर्ष में बड़ा अंतर आया है। पिछले वर्ष जब मैं यहां आया था तब आपके समाज के गुरु श्री खुशवंत साहेब विधायक थे, अब वे मंत्री बने हैं। उन्हें अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास तथा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आपके समाज के गौरव से हमें अपार उम्मीदें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता से जो भी वादे किए थे, उन्हें हम 'मोदी की गारंटी' के रूप में पूरा कर रहे हैं। अब तक नौ हजार से अधिक सरकारी भर्तियाँ पूरी हो चुकी हैं और हाल ही में शिक्षा विभाग में पाँच हजार पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि शासन के प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए संकल्पित है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाला चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अनुसूचित जाति समाज के विकास हेतु प्राधिकरण का गठन किया गया था। वर्तमान सरकार ने उसके बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ कर दिया है। धर्मगुरु गुरु श्री बालदास साहेब ने कहा कि यह मेला सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि सतनामी समाज ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश आज विकास की राह पर अग्रसर है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में है। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धि नहीं बल्कि गुरु बाबा घासीदास की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गरीबों के उत्थान और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह साकार हो रहा है। किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों के हित में योजनाएँ बन रही हैं। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि आज 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, जो आरंग विधानसभा के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में अनेक संत-महात्मा और तपस्वी जन्मे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे'

## आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में हुई ऐतिहासिक पहल-ग्रामीणों की आकांक्षाओं से तय होगा विकास का रोडमैप



**रायपुर।** रायगढ जिले के 315 ग्रामों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आदि सेवा पर्व मनाया गया। इस दौरान विभिन्न सेवा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान कार्ड, पीएम जनधन खाता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जनजागरण और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिविरों में नुक्कड़ नाटक, ट्रांजैक्ट वॉक एवं सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों की आकांक्षाओं एवं प्राथमिकताओं को सीधे विकास योजना का हिस्सा बनाया गया। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों ने अपने गांव के विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, कृषि, स्वरोजगार, पोषण एवं आजीविका से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता देते हुए साझा ग्राम विजन 2030 तैयार किया।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना आदि कर्मयोगी अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले के सभी 315 आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। रायगढ़ कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित इन ग्राम सभाओं के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत ने अपनी ग्राम कार्ययोजना एवं ग्राम विजन 2030 को पारित किया। यह विजन दस्तावेज आने वाले वर्षों के लिए ग्रामों के समग्र एवं सतत विकास का खाका प्रस्तुत करेगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सभी ग्राम सभाओं द्वारा पारित ग्राम कार्ययोजनाओं को संकलित कर जिला स्तर पर समग्र कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके उपरांत यह योजना 12 अक्टूबर 2025 तक राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिन्हें एकल खिड़की प्रणाली के तहत संचालित किया जाएगा। इन केंद्रों से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रशासनिक सेवाएं जनजातीय अंचलों के अंतिम छोर तक पहुंच सकें। बता दें कि 'आदि कर्मयोगी अभियान' का शुभारंभ 10 जुलाई 2025 को किया गया था। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में शासन की सेवाओं, योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## विकास की नई राह पर सुकमा : किष्टाराम में ग्रामीण बैंक शाखा का शुभारंभ, 10 हज़ार से अधिक ग्रामीण होंगे लाभान्वित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और अपने एकदिवसीय प्रवास पर किष्टाराम पहुँचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नवीन शाखा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों से भेंटकर उनकी कुशलक्षेम पूछा और शासकीय योजनाओं के लाभ के विषय में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और अपने एकदिवसीय प्रवास पर किष्टाराम पहुँचे

**ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ**- नई बैंक शाखा से आठ ग्राम पंचायतों के 42 गांव और 10 हज़ार से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शाखा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि अब ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, लेन-देन और शासकीय योजनाओं की राशि




प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

**सरकार का संकल्प: माओवाद मुक्त बस्तर**- अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि किष्टाराम छत्तीसगढ़ का अंतिम छोर नहीं, बल्कि पहला गाँव है जहाँ से प्रदेश की विकास यात्रा प्रारंभ होती है। हमारी सरकार मार्च 2026 तक माओवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी भटके हुए युवाओं से अपील है कि समाज की मुख्यधारा में लौटकर विकास में भागीदार बनें। कार्यक्रम में 5 हितग्राहियों को ग्रामीण बैंक का नवीन पासबुक प्रदान किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने घोषणा किया कि कोंटा से गोलापल्ली होते हुए किष्टाराम तक सड़क निर्माण जल्द शुरू होगा। किष्टाराम में मिनी स्टेडियम और मंगलागुड़ा में पुलिया निर्माण की भी घोषणा की गई।

**युवा और महिलाएँ होंगे आत्मनिर्भर**- उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि 12वीं पास बहनों को बैंक सखी बनाया जाएगा और युवाओं को सीएससी सेंटर की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सीएससी सेंटर स्थापित होंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण आसानी से शासन की योजनाओं का लाभ ले पाएंगे।

**बस्तर की पहचान बनेगा बस्तरिया युवा**- बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसानों की ऋण माफी जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुँचाया है।

## छत्तीसगढ़ में महिला स्वास्थ्य को मिला नया आयाम, बढ़ी ग्रामीण अंचलों में जागरूकता

**रायपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पहल फ़स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानफ़ ने छत्तीसगढ़ में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। बीते पखवाड़े भर में प्रदेशभर में 31 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 22 लाख लोगों ने जांच और उपचार की सेवाएं प्राप्त कीं। विशेष बात यह रही कि इन शिविरों में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही। यह इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि अब ग्रामीण अंचलों में भी महिलाएं अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो रही हैं। यह सहभागिता अभियान के उस मूल विचार को सशक्त करती है, जिसके अनुसार जब महिला स्वस्थ होती है, तभी पूरा परिवार और समाज सशक्त बनता है। इन शिविरों में महिला स्वास्थ्य, पोषण और अनीमिया जांच को विशेष प्राथमिकता दी गई। इस दौरान पाँच लाख से अधिक लोगों की अनीमिया जांच की गई। यह न केवल जांच की व्यापकता को




दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार महिलाओं में खून की कमी जैसी पुरानी समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम उठा रही है। शिविरों में गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बच्चों का टीकाकरण, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, कैंसर और सिकल सेल जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग को भी शामिल किया गया। परिणामस्वरूप 1.91 लाख गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, 2.72 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग हुई, 3.72 लाख लोगों की टीबी जांच की गई और 67 हजार से अधिक बच्चों को टीके लगाए गए। अभियान अंतर्गत महिला स्वास्थ्यकर्मियों और विशेषज्ञों ने बड़ी संख्या में महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन-फोलिक एसिड की महत्ता, स्वच्छता और जीवनशैली में सुधार जैसे विषयों पर परामर्श दिया। यह पहल उपचार से आगे बढ़कर समय रहते रोगों की पहचान और रोकथाम की दिशा में भी कारगर सिद्ध हो रही है। लगभग 13 लाख लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जागरूक किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि यह अभियान केवल बीमारियों का उपचार नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति सोच बदलने का प्रयास भी है।

छत्तीसगढ़ में लखपति दीदी बनाने की अनूठी पहल

## भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार मिलकर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है— विष्णु देव साय

**रायपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने मिलकर रायपुर में स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यमियों के जीवन में बदलाव लाने का बीड़ा उठाया है। एक साझेदारी के माध्यम से ये प्रतिभाशाली महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को फ्लिपकार्ट के ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर प्रदर्शित करने और बेचने का कार्य करेंगे। इसके लिए शुकवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार के प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार मिलकर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को दोहराया, जिसमें 3 करोड़ महिलाओं को फ़लखपति दीदीफ़ बनाने का लक्ष्य




रखा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 2 करोड़ महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 8 लाख म ?हिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तैयार किया है जिसमें 4 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

कार्यशाला की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब महिलाएं फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए अपने उत्पाद बेच सकेंगी। इससे उनकी पहुंच देश-विदेश तक होगी और वे अपने व्यवसाय को आसानी से बढ़ा सकेंगी। इस पहल से महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी, बल्कि उनके उत्पादों को भी नया बाजार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने स्थानीय भाषा में महिलाओं से सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजनाओं के लाभ बारे में पूछा तो महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि उन्हें योजना का लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी, रजनीश कुमार ने कहा कि फ्लिपकार्ट समर्थ के माध्यम से, हम व्यवसायों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में फलने-फूलने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और बाज़ार पहुँच प्रदान करके विकास के नए रास्ते बनाने का प्रयास करते हैं। देश भर में 18 लाख से ज़्यादा आजीविकाओं को सशक्त बनाकर, इस कार्यक्रम ने कारीगरों और ग्रामीण महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। रायपुर में आज की कार्यशाला का सफल समापन पूरे भारत में एमएसएमई और कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए फ्लिपकार्ट की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम इस सहयोग के लिए आभारी हैं और छत्तीसगढ़ और उसके बाहर एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को और मज़बूत करने के लिए इस गति को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

कार्यशाला में स्व—सहायता समूह की महिलाओं को फ्लिपकार्ट की टीम के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला उद्यमियों ने उसी समय अपने मोबाइल पर पंजीकरण कराकर अपने उत्पाद को फ्लिपकार्ट प्लेटफार्म के जरिए बेचने का मार्ग भी प्रशस्त ?कर लिया। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव भी साझा किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक सरकारी पहल है जो ग्रामीण गरीबी को कम करने और भारत की ग्रामीण आबादी के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश के 45 लाख वाहनों में अब तक नहीं लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वाहन मालिकों की सुरक्षा के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने का काम बेहद धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। परिवहन विभाग को 52 लाख से ज्यादा पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी लगानी थी, लेकिन 10 महीनों में सिर्फ20 प्रतिशत यानी 7.45 लाख वाहनों में ही प्लेट लगाई जा सकी है। अब भी करीब 45 लाख वाहन बिना एचएसआरपी के सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

**तय समय सीमा से पिछड़ रहा विभाग**- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही इस प्रक्रिया को एक अप्रैल 2025 तक पूरा करना था। लेकिन टेंडर प्रक्रिया में देरी और धीमी रफ्तार की वजह से लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया। फिलहाल 3.40 लाख नंबर प्लेट बनाने का ऑर्डर दिया गया है।

**चालान कार्रवाई टली**- परिवहन विभाग और राज्य पुलिस ने 1 अक्टूबर से बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर 1,000 रुपये का चालान काटने की तैयारी की थी। लेकिन लगने की धीमी गति को देखते हुए फिलहाल इस तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है।

**जागरूकता अभियान से बढ़े आवेदन**- आरटीओ और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने पिछले दो महीनों तक अभियान चलाकर सड़क पर वाहनों को रोककर फार्म भरवाए। जागरूकता अभियान का असर यह हुआ कि बड़ी संख्या में वाहन मालिक चालानी कार्रवाई से बचने के लिए आवेदन कर रहे हैं। सिर्फरायपुर जिले में ही लगभग एक लाख वाहन मालिकों ने एचएसआरपी के लिए आवेदन किया है।

**पुराने वाहन भी बड़ी चुनौती**- प्रदेश में 15 साल से ज्यादा पुराने 6,000 से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें 1,200 दोपहिया, 3,000 चारपहिया और 1,800 मालवाहक वाहन शामिल हैं। इनमें से कई अब भी बिना एचएसआरपी और कुछ बिना पंजीकरण के सड़कों पर चल रहे हैं।

### बीजापुर में 103 नक्सलियों ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

**रायपुर।** धर्म और न्याय की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व इस बार छत्तीसगढ़ में हिंसा और भ्रम पर विकास और सुशासन की ऐतिहासिक विजय का भी प्रतीक बन गया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर में 103 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम प्रदेश के शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की दिशा में एक निर्णायक पड़ाव है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 और नियद नेल्ला नार योजना ने लाल आतंक के भ्रम से भटके लोगों के दिलों में विश्वास और आशा का दीप प्रज्वलित किया है। पूना मारगेम अभियान से प्रेरित होकर बीजापुर में कुल 103 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से 49 नक्सली वे भी हैं, जिन पर कुल 1 करोड़ 6 लाख 30 हजार रुपए तक का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नई शुरुआत के लिए 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

### डीजल-पेट्रोल की ब्लैक मार्केटिंग, 43 लाख का ईंधन जब्त

**रायपुर।** लाखों रूपये कीमत के डीजल/पेट्रोल का अवैध रूप से संग्रहण करने वाले आधा दर्जन से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए गए है, 1 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत रिंग रोड नंबर 03 टेकारी चौक स्थित एक यार्ड में कुछ व्यक्ति ट्रक एवं ड्रम में ज्वलनशील तरल पदार्थ डीजल एवं पेट्रोल को अवैध रूप से संग्रह कर बिक्री हेतु रखें है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रेंज साइबर थाना रायपुर एवं थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान यार्ड में 05 व्यक्ति उपस्थित पाये गये, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम रवि यादव, नीरज नेताम उर्फ दउवाराम, शेख कलीमुद्दीन, शैलेन्द्र कुमार उर्फ बिहारी एवं राज पटेल होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा यार्ड को चेक करने पर टैंकर वाहन में डीजल/पेट्रोल भरा होने के साथ ही अलग - अलग ड्रम में भी डीजल/पेट्रोल रखा होना पाया गया। ज्वलनशील तरल पदार्थ को उपेक्षापूर्ण संग्रह कर रखने एवं विक्रय करने के संबंध में व्यक्तियों से लायसेंस या वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी रवि यादव, नीरज नेताम उर्फदउवाराम, शेख कलीमुद्दीन, शैलेन्द्र कुमार उर्फबिहारी एवं राज पटेल को गिरफ्तार कर निशानदेही पर कब्जे से ट्रक टैंकर तथा अलग - अलग ड्रम में रखें कुल 15,300 लीटर पेट्रोल तथा 31,000 लीटर डीजल जुमला कीमती लगभग 42,90,000/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सी जी 10 ए एफ0113, सी जी 04 पी आर 7421 एवं सी जी 04 पी टी 8504, एक नग चाडी एवं 02 नग प्लास्टिक पाईप जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 492/25 धारा 287 बी.एन.एस तथा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रेंज साइबर थाना रायपुर तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत रिंग रोड नंबर 03 पिरदा चौक स्थित सूरज शाह के यार्ड में रेड कार्यवाही कर आरोपी अखिलेश चौबे, नीरज कुमार, अरविंद गोड एवं रोहित सरोज को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कब्जे से अवैध रूप से संग्रह कर बिक्री करने हेतु रखें कुल 1,500 लीटर डीजल तथा 40 लीटर पेट्रोल कीमती लगभग 1,40,000/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सी जी 10 बी यू 2417, 01 नग चाडी एवं 02 नग प्लास्टिक पाईप जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 493/25 धारा 287 बी.एन.एस तथा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। उक्त दोनों प्रकरणों में आरोपी यार्ड संचालक फरार है, जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

## संपादकीय

### भारतीय युवाओं की आकांक्षाओं पर हमला

अमेरिका के राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप रोजाना कुछ न कुछ ऐसा कर रहे हैं, जिससे भारत सरकार और भारतीय निशाने पर आ जाते हैं। ट्रंप आड़ तो अपने देश के युवाओं के रोजगार बढ़ाने की ले रहे हैं, लेकिन हमला भारतीय युवाओं की आकांक्षाओं पर कर रहे हैं। अभी अमेरिका से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क का मामला सुलझा भी नहीं है कि ट्रंप ने एच1बी वीजा का बम गिरा दिया है। एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया है। इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों, जिनमें बड़ी संख्या में आईटी से जुड़े हैं, पर गंभीर असर पड़ेगा। भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट ने असर की झांकी दिखा दी है। अमेरिका का दावा है कि एच1बी वीजा का बहुत दुरुपयोग होता है। इसकी शुरुआत उन उच्च कुशल कामगारों को अमेरिका में आने की अनुमति देने के लिए की गई थी, जो उन क्षेत्रों में काम करते हैं, जहां अमेरिकी काम नहीं करते। 100,000 डॉलर के शुल्क के बाद सुनिश्चित होगा कि वास्तव में कुशल लोग ही अमेरिका आएं और अमेरिकी कामगारों का स्थान नहीं लें। ट्रंप का तर्क है कि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281,000 लोगों को अमेरिका में प्रवेश मिलता है, तथा ये लोग औसतन प्रति वर्ष 66,000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों का भारी लाभ उठाते हैं। हम इसे बंद करने जा रहे हैं। इस कदम का उन भारतीय कर्मचारियों पर गहरा असर पड़ेगा जिन्हें प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां और अन्य कंपनियां एच1बी वीजा पर नियुक्त करती हैं। ये वीजा तीन साल के लिए वैध होते हैं, जिन्हें तीन साल के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। आदेश के कुछ घंटों बाद शनिवार को अमेरिका में एच1बी वीजा पर रह रहे भारतीयों में भ्रम व चिंता व्याप गई। कई भारतीयों ने भारत यात्रा की अपनी योजना रद्द कर दी। जो भारत आए हुए थे उनमें जल्द से जल्द लौटने की मारामारी मच गई। हालांकि बाद में कहा गया कि यह शुल्क नये आवेदकों पर ही लागू होगा। पुराने वीजा धारक प्रभावित नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी अमेरिका के फैसले के बाद प्रधानमंत्री मोदी पर हमलावर हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने तल्ख टिप्पणी की कि आपके जन्मदिन पर फोन कॉल के बाद आपको जो जवाबी तोहफा मिला है, उससे भारतीय नागरिकों को दुख हुआ है। गले मिलना, खोखले नारे लगवाना और संगीत कार्यक्रम करवाना कोई विदेश नीति नहीं है। हमें अपने हितों के लिए गंभीर होना होगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक पेशेवर कर्मयोगी

**हरदीप एस पुरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करिश्माई उपस्थिति और संगठनात्मक नेतृत्व की भरपूर प्रशंसा की गई है। उनके काम की विशेषता उनकी कठोर व्यावसायिकता है, जिसे कम ही लोग जानते और समझते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले ढाई दशकों में उनकी एक अथक पेशेवर कार्यशैली विकसित हुई है। जो चीज़ उन्हें अलग बनाती है, वह है दिखावे की प्रतिभा नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुशासन जो दृष्टि को टिकाऊ व्यवस्थाओं में बदल देता है। भारतीय मुहावरे में, वे एक कर्मयोगी हैं: कर्तव्य पर आधारित कर्म, जो ज़मीनी स्तर पर बदलाव से मापा जाता है। इस साल लाल किले से उनके स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में यही नीति थी। इस भाषण में उपलब्धियों का लेखा-जोखा कम और साझा कार्य का एक चार्टर ज़्यादा पेश किया गया: नागरिकों, वैज्ञानिकों, स्टार्टअप्स और राज्यों को विकसित भारत के सह-लेखक के रूप में आमंत्रित किया गया। गहन तकनीक, स्वच्छ विकास और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं की महत्वाकांक्षाओं को व्यावहारिक कार्यक्रमों के रूप में प्रस्तुत किया गया, न कि केवल दिखावटीपन के रूप में, और जनभागीदारी, एक मंच निर्माण करने वाले राज्य और उद्यमी लोगों के बीच साझेदारी, को एक पद्धति के रूप में प्रस्तुत किया गया। जीएसटी ढांचे का हालिया सरलीकरण इसी पद्धति को दर्शाता है। स्लैब को कम करके और टकराव के बिंदुओं को दूर करके, परिषद ने छोटी फर्मों के लिए अनुपालन लागत कम की है और परिवारों तक लाभ पहुँचाने में तेज़ी लाई है। प्रधानमंत्री का ध्यान अमूर्त राजस्व वक्रों पर नहीं, बल्कि इस बात पर था कि क्या आम नागरिक या छोटा व्यापारी इस बदलाव को जल्दी महसूस कर पाएगा। यह प्रवृत्ति उस सहकारी संघवाद की प्रतिध्वनि है जिसने जीएसटी परिषद का मार्गदर्शन किया है: राज्य और केंद्र गहन विचार-विमर्श करते हैं, लेकिन सभी एक ऐसी प्रणाली के भीतर काम करते हैं जो स्थिर रहने के बजाय परिस्थितियों के अनुकूल हो जाती है। नीति को एक जीवंत साधन के रूप में माना जाता है, जो अर्थव्यवस्था की लय के अनुरूप है, न कि कागज़ पर समरूपता के लिए संरक्षित एक स्मारक के रूप में। यह वह व्यावसायिकता ही है जिसके कारण वह अमेरिका से देर रात 15 घंटे की विदेश यात्रा के बाद निर्माणाधीन नई संसद भवन के गेट पर बिना किसी सूचना के पहुंचे। मैंने हाल ही में प्रधानमंत्री से पंद्रह मिनट का समय माँगा था और मैं उनकी चर्चा में आई व्यापक गहराई और बहुआयामी दायरे से प्रभावित हुआ—सूक्ष्म विवरण और व्यापक संबंध एक ही फ्रेम में समाहित। यह बैठक पैंतालीस मिनट की हो गई। बाद में सहकर्मियों ने मुझे बताया कि उन्होंने तैयारी में दो घंटे से ज़्यादा समय बिताया, नोट्स, आँकड़े और प्रतिवाद पढ़े। होमवर्क का यह स्तर कोई अपवाद नहीं है; यह वह कार्य-मानदंड है जो उन्होंने अपने लिए निर्धारित किया है और व्यवस्था से अपेक्षाएँ रखते हैं। निरंतर तैयारी की यही आदत सुनिश्चित करती है कि निर्णय ठोस और भविष्य के लिए उपयुक्त हों। भारत की हालिया प्रगति का अधिकांश हिस्सा उन पाइपलाइनों और प्रणालियों पर आधारित है जिन्हें हमारे नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डिजिटल पहचान, सार्वभौमिक बैंक खाते और रीयल-टाइम भुगतान की तिकड़ी ने समावेशन को बुनियादी ढाँचे में बदल दिया है। लाभ सीधे सत्यापित नागरिकों तक पहुँचते हैं; लीकेज डिज़ाइन के अनुसार कम हो जाते हैं; छोटे व्यवसायों को अनुमानित नकदी प्रवाह मिलता है; और नीतियाँ किस्से-कहानियों के बजाय आँकड़ों पर आधारित होती हैं। अंत्योदय - अंतिम नागरिक का उत्थान - इस प्रकार एक नारा नहीं, बल्कि एक मानक बन जाता है - और प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँचने वाली प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और फ़ाइल का असली लिटमस टेस्ट बना रहता है।

# राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली सौ वर्ष

**दीपक कुमार त्यागी**

डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने पावन पर्व विजयदशमी के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना राष्ट्र, संस्कृति व समाज हित के लिए की थी। संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करते हुए अपने कार्यों के दम पर करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से योगदान देने का कार्य निरंतर कर रहा है। हालांकि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्माण के दिन से ही उसके बारे में तरह-तरह का दुष्प्रचार करने की क्षणिक स्वार्थ पूरा करने वाली राजनीति की जबरदस्त ढंग से होती रही है, यह लोग ओछी राजनीति से वशीभूत होकर के राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी कि आरएसएस की कोई भी भूमिका नहीं रही, आम जनमानस को ऐसा बता कर के संघ के प्रति आम जनमानस को बरगलाने का प्रयास करते हैं, जो सरासर ग़लत है।

वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये कार्यों की लंबी फेरहिस्त देखें तो उससे यह स्पष्ट होता कि राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक का हमेशा अनमोल योगदान रहा है, उस योगदान की अनदेखी करना देश हित व समाज हित में उचित नहीं है। इसलिए समय रहते हम लोगों को यह समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का अनुशासित सांस्कृतिक संगठन है, संघ का स्वयंसेवक बिना किसी लोभ-लालच के राष्ट्र व समाज के लिए निस्वार्थ भाव से अपने तन, मन और समय को अर्पित करने का कार्य करता है। एक सच्चे स्वयंसेवक का जीवन केवल निजी उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह अपनी सांसों को भी मातृभूमि की सेवा का साधन बना देता है, वह राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए हर पल तत्पर रहता है।

वैसे भी किसी भी ताकतवर राष्ट्र के निर्माण के लिए अनुशासन व नैतिकता बेहद आवश्यक होती है, इन दोनों के बिना किसी भी ताकतवर राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के लिए नैतिकता व अनुशासन सर्वोपरि होता है, इसलिए उसका राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है।

संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर ही दुनिया भर में अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संघ अपने निर्माण के सौ वर्षों के लंबे सफ़र के बाद अब अपनी कार्यशैली के बलबूते दुनिया के ताकतवर बड़े गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) में शुमार हो गया, आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक फैलें हुए हैं और



सबसे अहम बात यह है कि संघ दुनिया भर का एक ऐसा संगठन है, जोकि अपनी स्थापना के सौ वर्षों के बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, आज भी अपनी विचारधारा पर संघ पूरी तरह से कायम है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि संघ के राष्ट्र निर्माण व समाज के लिए पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से समर्पित स्वयंसेवकों की टोली हमेशा अपना कार्य निस्वार्थ भाव से करना जारी रखती और कभी भी श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं करती है। हालांकि देश व दुनिया में जब से डिजिटल क्रांति आयी है तब से लोगों को यह पता चलने लगा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। देश की आज़ादी के दौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य करते हुए राष्ट्र व समाज हित में निरंतर कार्य कर रहा है। आज देश के दूरदराज इलाकों तक में भी संघ अपनी 55 हज़ार शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर जनहित व राष्ट्रहित के कार्यों को निरंतर अंजाम दे रहा है। राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य की बात करें तो संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की सहायता करते हुए, उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया था।

संघ ने दादरा, नगर हवेली और गोवा के विलय में निर्णायक भूमिका निभाने का कार्य किया था, 2 अगस्त 1954 की सुबह संघ के स्वयंसेवकों ने पुतर्गाल का झंडा उतारकर तिरंगा फहरा कर पुतर्गाल के कब्जे से मुक्त करवाया था। संघ के स्वयंसेवक 1955 से चले गोवा मुक्ति संग्राम में शामिल रहे, उन्होंने गोवा में सशस्त्र हस्तक्षेप करने से तत्कालीन सरकार के द्वारा इनकार करने पर जगन्नाथ राव जोशी के नेतृत्व में गोवा पहुंच कर के आंदोलन शुरू किया था, लेकिन बाद में जब जगन्नाथ राव जोशी सहित संघ के कार्यकर्ताओं को दस वर्ष की सजा हुई तो गोवा के हालत बिगड़ने पर अंततः भारत सरकार के सैनिकों को हस्तक्षेप करना पड़ा था और वर्ष 1961 में संघ की क्रांति के दीप से ही गोवा भी स्वतन्त्र हुआ था।

संघ के स्वयंसेवक अनुशासन व ट्रेनिंग के दम पर ही तो देश में सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन के कार्य में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते आये है। भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफ़ान, युद्ध, महामारी (प्लेग? व कोरोना आदि) और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा अपनी जान की परवाह किए बिना ही राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाते हुए नज़र आते हैं।

विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठनों के माध्यम से संघ देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है। देश में हजारों स्कूलों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निरंतर प्रदान की जा रही है। संघ के द्वारा शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को युवा पीढ़ी में स्थापित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आज देश में 86 प्रांतीय एवं क्षेत्रीय समितियाँ विद्या भारती से संलग्न हैं। जिसके अंतर्गत 30 हज़ार शिक्षण संस्थाओं में 9 लाख शिक्षकों के मार्गदर्शन में 45 लाख छात्र-छात्राएं शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से 49 शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान एवं महाविद्यालय, 2353 माध्यमिक एवं 923 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 633 पूर्व प्राथमिक एवं 5312 प्राथमिक, 4164 उच्च प्राथमिक एवं 6127 एकल शिक्षक विद्यालय तथा 3679 संस्कार केंद्र हैं। वहीं आज देश के विभिन्न दूरदराज तक के हिस्सों में शिशु वाटिकाएं, शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, सरस्वती विद्यालय, उच्चतर शिक्षा संस्थान, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र और शोध संस्थान हैं। देश में इन सरस्वती मंदिरों की संख्या अब भी निरंतर बढ़ रही है और आज विद्या भारती देश का सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संगठन बन चुका है।

वर्ष 1962 में चीन से हुए युद्ध में भी संघ ने बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिससे प्रभावित होकर संघ को वर्ष 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने का निमन्त्रण तक दिया था।

संघ देश मे तेजी से चल रहे धर्मांतरण की आंधी को रोकने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, सामाजिक समरसता और सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। देश के आदिवासी क्षेत्रों में जिस तरह से तेजी से धर्मांतरण करने का जाल बिछाया गया, संघ के स्वयंसेवकों ने जान की बाजी लगाकर उसको काफी हद तक रोकने का कार्य किया है।

संघ ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को कम करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे अभियान चलाए है। यह समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने पर जोर देता है। आदिवासी और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए वनवासी कल्याण आश्रम जैसे संघ के संगठन देश के दूरदराज तक के क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

संघ ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चले जेपी आंदोलन में और देश में लगे आपातकाल के विरुद्ध चले आन्दोलन में बड़ी अहम भूमिका निभाने का कार्य किया था और इंदिरा गांधी को सत्ता से बाहर करने का कार्य किया था।

संघ के स्वयंसेवकों ने प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चले लंबे आंदोलन में बलिदान देकर के राममंदिर आंदोलन को तेज गति देने का कार्य किया था।

वैसे भी हमें यह समझना होगा कि सशक्त शक्तिशाली भारत का निर्माण केवल सरकार या सत्ता में बैठे हुए चंद लोगों के द्वारा नहीं हो सकता है। सशक्त भारत का निर्माण देश के किसानों, सैनिकों, दूरद्रष्टाओं, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, संतों, मजदूरों, व्यक्तियों और संगठनों सहित करोड़ों लोगों के सामुहिक प्रयासों से हुआ है। इसलिए एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल की यात्रा राष्ट्र के निर्माण के लिए गौरवशाली रही है। इस गौरवशाली यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनगिनत स्वयंसेवकों ने राष्ट्र निर्माण व मातृभूमि के कल्याण के संकल्प को पूरा करने के लिए अपना पूरा जीवन निस्वार्थ भाव से समर्पित करने का कार्य किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सौ साल की समर्पित और गौरवशाली यात्रा पर हम सभी को गर्व होना चाहिए और हमेशा इस यात्रा से प्रेरणा लेते हुए सभी देशभक्त देशवासियों को भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करना चाहिए।

# टाइगर ऑफ स्काई की गौरवपूर्ण विदाई

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

चण्डीगढ़ के एयरबेस से मिग-21 की आखरी उड़ान के साथ मिग की विदाई केवल एक सुपरसोनिक फाइटर की विदाई नहीं है अपितु भारतीय वायु सेना के फाइटर बेडे से मिग की गौरवशाली अतीत की विदाई है। अपनी गति, शक्ति और मारक क्षमता के कारण नाम से ही दुश्मनों में दहसत बनाने वाले मिग-21 अपनी यात्रा के 62 वर्ष पूरे कर विदा हो रहा है। 1962 के युद्ध के कटु अनुभवों के बाद भारत ने अन्य विकल्प होते हुए भी सोवियत रुस के मिग-21 को प्राथमिकता दी। 1963 में चण्डीगढ़ में ही मिग ने भारतीय वायु सेना में प्रवेश किया और 26 सितंबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेनाप्रमुखों के बीच औपचारिक विदाई ली है। स्काड्रनलीडर प्रिया सिंह ने अंतिम उड़ान भर कर मिग-21 को शानदार-यादगार विदाई दी। मिग-21 का 1965, 1971, करगिल, बालाकोट और ऑपरेशन सिन्दूर तक गौरवशाली इतिहास रहा है। हालांकि मिग-21 के उड़ान के दौरान हुई दुर्घटनाओं ने इसे उड़ता ताबूत ही नहीं विडो मेकर तक कहा जाने लगा। दरअसल पाकिस्तान से युद्ध के दौरान अमेरिका के एफ-16 युद्धक विमान को गिरा कर सारी दुनिया को इसने आश्चर्य में ड़ाल दिया था। 1971 में ढ़ाका में गर्वनर हाउस पर बमबारी कर अपनी मारका क्षमता का लोहा मनवा चुका है। भारतीय वायु सेना में 800 से अधिक मिग का बेड़ा रहा है। इनमें से करीब 400 मिग के दुर्घटनाग्रस्त होने और करीब 200 पायलट और 50 नागरिकों की मौत के कारण गति, शक्ति और रफ्तार के बावजूद मिग-21 को उड़ता ताबूत कहा जाने लगा। यह दूसरी बात है कि कुछ दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण हुई तो कुछ अन्य कारणों से।

मिग-21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान



1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 विमानों की आपूर्ति के कारण भारत को भी अपनी वायुसेना को वेल इक्विप्ड करने की आवश्यकता महसूस हुई और अमेरिका सहित अन्य देषों के फाइटर विमानों के विकल्प होने के बावजूद भारत ने सोवियत रुस के मिग फाइटर विमान खरीदने को पाथमिकता दी। हालांकि 1965 के युद्ध में मिग का सीमित योगदान रहा पर 1971 के युद्ध की तो भाषा ही मिग फाइटर ने बदल कर रख दी। अमेरिका के एफ-16 विमानों को मारगिराकर मिग विमानों ने ना केवल अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया अपितु दुनिया के देशों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। हालिया ऑपरेशन सिन्दुर में भी मिग विमानों ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाई है।

मिग-21 अपनी उड़ान क्षमता, तेजी से आकाश में उंचाई पर जाने, ध्वनी से भी तेज गति से उड़ाने भरने और निशाने पर निशाना साधनें में सफल रहा है। दुश्मन देश तो मिग के नाम से दहशत खाने लगे थे। मिग-21 छोटे रनवे, कठिन हालातों में भी उड़ान भरने में सक्षम रहा है। अचानक हमले के हालातों में भी यह भरोसेमंद रहा है। सूई की नोक जैसे इस विमान में तापमान की समस्या के बावजूद इस विमान की उड़ान भरने में वायुसेना फाइटर गौरव महसूस करते रहे हैं। 2021 के बालाकोट के दौरान भी इसने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के 60 से अधिक देशों में मिग ने अपने पराक्रम को दिखाया पर मिग के निर्माता सोवियत रुस से ही मिग की विदाई सबसे पहले आरंभ हुई। रशिया ने 1990 से ही मिग की विदाई आरंभ कर दी। चीन, पौलेण्ड, बुल्गारिया, रोमानिया, चेकस्लोवाकिया, क्रोएशिया, हंगरी आदि इसे विदाई दे चुके हैं। हालांकि सीरिया, उत्तर कोरिया औद अफ्रिकी देशों में मिग सेना के हिस्से बने हुए हैं। भारत में मिग का लंबे समय का कार्यकाल रहा है।

फ्लाइंग काफिन जैसे नाम से बदनामी के बावजूद अपग्रेडेड मिग का भारतीय सेना में उपयोग होता रहा। निशाने पर लक्ष्य को साधने में सक्षम होने के बावजूद जिस तरह से इसके क्रेस होने की गति रही है उससे यह बदनामी का भी प्रमुख कारण रहा है। और यही कारण है कि मिग-21 की गौरवपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद अंततोगत्वा 62 साल की लंबी यात्रा के बाद इसे सम्मानपूर्वक विदाई दी गई है। देखा जाएं तो मिग ने भारतीय सेना में अपनी गौरवपूर्ण सेवाएं दी और भारतीय सैनिकों ने युद्ध के दौरान इसका जिस तरह से उपयोग किया वह भारतीय सेना के गौरव को बढ़ाने वाला रहा। यही कारण है कि मिग को गौरवपूर्ण समारोह में विदाई दी गई। जहां से इसकी शुरुआत हुई वहीं से इसको विदाई दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदाई समारोह में कहा कि भारतीय वायु सेना के इतिहास में मिग की सेवाओं को स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। मिग को भारत और रुस के बीच संबंधों से भी जोड़ के देखा जाता रहा है। खासबात यह कि उड़ता ताबूत कहलाने के बावजूद भारतीय वायु सेना में मिग ने 60 वर्ष से भी अधिक समय तक अपने सामर्थ्य से देश के जरुरत के समय अपेक्षाओं पर खरा उतरा। युद्ध या यौद्धिक गतिविधियों के दौरान मिग गैम चैंजर सिद्ध हुआ है। यही कारण है कि मिग को रिटायरमेंट की गौरवपूर्ण विदाई दी गई। अब भारतीय वायु सेना में स्वदेशी फाइटर तेजस मिग का स्थान लेगा। सुखाई, राफेल और तेजस आदि की उपस्थिति से आज भारत की वायुसेना दुनिया की सबसे सक्षम और ताकतवर सेनाओं में से एक है। भले ही भारतीय वायु सेना के बेडे से मिग की विदाई हो गई है पर 1971 का युद्ध, करगिल, बालकोट, ऑपरेशन सिन्दुर और इसी तरह के अभियानों की चर्चा होगी तो मिग की गौरवपूर्ण सेवाओं को सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग ने त्योहारों के दौरान 4 घंटे की इंस्टॉलेशन एवं डेमो सर्विस शुरू की

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी 4- घंटे की सुपरफास्ट इंस्टॉलेशन और डेमो सर्विस शुरू की है। इस सर्विस को ग्राहकों को बिना किसी परेशानी और चिंता के त्योहारों के दौरान खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल के साथ, उपभोक्ता अपने नए सैमसंग उत्पादों (रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव ओवन, टेलीविजन) को रिक्वेस्ट करने के 4 घंटे के भीतर (नगरपालिका सीमा के भीतर) लगवा सकते हैं। इसका मतलब है अब ग्राहकों को कोई इंतज़ार नहीं करना होगा और ना ही उन्हें अपने प्रोडक्ट्स लगवाने में कोई देरी होगी ङ्क और वे बस आराम से बैठकर त्योहारों का पूरा मज़ा उठा सकते हैं। इस अनुभव को और बेहतर बनाते हुए, सैमसंग के विशेषज्ञ सर्विस इंजीनियर प्रत्येक उत्पाद का व्यक्तिगत डेमो देंगे, और ग्राहकों को उनके प्रोडक्ट के आधुनिक फीचर्स, टिप्स और उसे इस्तेमाल करने के स्मार्ट आइडिया की जानकारी मिलेगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहले दिन से ही प्रत्येक डिवाइस की पूरी क्षमता का आनंद लिया जाए।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की

**नईदिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडियरी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (''एलजीईआईएल'' या ''कंपनी'') ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की है। इसके प्रति ईक्विटी शेयर का मूल्य 1,080 रुपये से 1,140 रुपये होगा। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 06 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार तय की गई है। इस बिड/ऑफर की सदस्यता 07 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार से शुरू होगी और 09 अक्टूबर, 2025, दिन गुरुवार को समाप्त होगी। निवेशक कम से कम 13 ईक्विटी शेयर के लिए, और उसके बाद 13 ईक्विटी शेयर के गुणांक में बोली लगा सकेंगे। एम्प्लॉई रिज़र्वेशन पोर्शन के अंतर्गत बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति ईक्विटी शेयर 108 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा।

संपूर्ण विवरण के लिए दिनांक 30 सितंबर को प्रकाशित प्राईस बैंड का एडवरटाईज़मेंट देखें, जो अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। इस ऑफर में प्रमोटर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक. द्वारा 10 रुपये प्रति शेयर की फेस वैल्यू के 101,815,859 ईक्विटी शेयर्स तक की बिक्री शामिल है। इसके बुक रनिंग लीड मैनेजर एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड हैं, तथा केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड इस ऑफर के रजिस्ट्रार हैं। इक्विटी शेयरों को एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

### रवीना टंडन और राशा थडानी ने किया अपना पहला संयुक्त ब्रांड डेब्यू - रिलायंस ज्वेल्स के नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

**मुंबई।** इस दिवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है। मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो दर्शाती है कि भारतीय अपने आभूषणों से कैसे बदलते रिश्ते साझा करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स के साथ उनका यह जुड़ाव इस तथ्य का उत्सव है कि आभूषण पीढ़ियों से परे जाते हैं—परिवार की धरोहरों को दिल से जोड़े रखते हुए साथ ही आज की जीवनशैली के लिए समकालीन डिज़ाइनों को अपनाते हैं। लॉन्च के अवसर पर गायत्री यादव, ग्रुप सीएमओ, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ने कहा, हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है—यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियाँ बदलती हैं और कई बार पुराने डिज़ाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते। हमारा नया दिवाली कलेक्शन इस बदलाव का उत्सव है—जहां कालातीत परंपराओं और आधुनिक पसंद का खूबसूरत संगम है। रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा के इस अभियान के चेहरे के रूप में, हम उपभोक्ताओं की दो पीढ़ियों से जुड़ते हैं, परिवारों को अपने आभूषणों को ऐसे डिज़ाइनों से नया रूप देने के लिए प्रेरित करते हैं जो विरासत का सम्मान करते हुए आधुनिक शैली को अपनाते हैं।

# राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप बागबाहरा में 16 अक्टूबर को होगा आयोजित

**महासमुंद( समय दर्शन )।** राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के मार्गदर्शन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से जिला तीरंदाजी संघ, बागबाहरा महासमुंद द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को मिनी स्टेडियम बागबाहरा में आयोजित किया जाना है। राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप की मेजबानी इस वर्ष पुनः जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद को मिली है जिसके लिए जिला संघ के समस्त सदस्यों की विशेष बैठक खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे की अध्यक्षता में बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में संपन्न हुई। बैठक में जिले के खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, अरविंद छाबड़ा, पुनेंद्र चंद्राकर, सोमनाथ साहू, रिंकल बग्गा, मुकेश वेगड़, संजय पटेल एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता आयोजन सम्बन्धी चर्चा में खेल मैदान, खेल उपकरणों की उपलब्धता, जिलों के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों, मैनेजर हेतु आवास ,भोजन, आवागमन की सुविधा, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा एवं



शांति व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक उपरांत आयोजन स्थल मिनी स्टेडियम बागबाहरा, टाऊन हॉल व आवास भवन आदि हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण संघ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन से कैलाश मुरारका के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के मापदंड के अनुसार रखे जाने हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस हेतु प्रदेश भर के प्रशिक्षक एवं ऑफिशियल्स से संपर्क किया गया।

राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में तीरंदाजी के तीनों विधाओं इंडियन राउंड, रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड को शामिल किया गया है, जिसमें प्रदेश भर के जूनियर बालक एवं बालिका तीरंदाज शामिल होंगे।

तीरंदाजी चैंपियनशिप बागबाहरा को लेकर नगर में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। विदित हो कि विगत वर्ष आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप की सफलता को लेकर शहर के नागरिक काफी उत्साहित होकर आगामी वर्ष में होने वाले आयोजन को लेकर अपना उत्साह दिखाया था। इस चैंपियनशिप से क्षेत्र के नागरिकों को तीरंदाजी खेल की जानकारी, जिले के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर, खेल की बारीकियों व कौशल में सुधार, खेल तकनीकी ज्ञान, निर्णायक क्षमता का विकास होगा।

# आतिशबाजी के साथ हुई रावण दहन, लोगों की उमड़ी भीड़



**साजा (समय दर्शन)।** देवकर समीपस्थ ग्राम सहसपुर के मैदान में गुरुवार को विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ । विगत वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह उत्सव इस बार और ऐतिहासिक रहा। समारोह में लगभग 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रंगीन आतिशबाजी और भव्य प्रस्तुति देखने हजारों लोगों की भीड़ मैदान में उमड़ी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सहसपुर सरपंच,पंच, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रावण दहन कार्यक्रम का लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया और कुछ लोग सेल्फी लेते भी नजर आए। रावण दहन के पहले रामलीला का आयोजन किया गया। बता दें की दशहरा पर्व के मद्देनजर सुबह से ही सड़कों एवं गलियों पर लोगों का उत्साह दिखाई दिया।

**जीत हमेशा सच्चाई की होती है - सरपंच**

दशहरा महोत्सव समारोह में रामलीला आयोजन के दौरान सरपंच ने विजयादशमी का संदेश देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व केवल रावण दहन का नहीं है, बल्कि जीवन का संदेश है। रावण कितना भी बलवान क्यों ना रहा हो, उसके अंहकार का अंत हुआ है और जीत सत्य की हुई है। बुराई कितनी भी बड़ी क्यों ना हो, अच्छाई हमेशा विजयी होती है। उन्होंने कहा कि हमें केवल मैदान में रावण का पुतला नहीं जलाना चाहिए बल्कि अपने भीतर के रावण काम,क्रोध,लोभ, ईर्ष्या और घमंड को भी समाप्त करना होगा। यही सही अर्थों में दशहरा पर्व का महत्व होगा। गांधी जयंती उल्लेख करते हुए सरपंच ने कहा कि दशहरा हमें बुराई का अंत करने की शिक्षा देता है और गांधी जयंती हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। जब ये दोनों विचार साथ आते हैं तो समाज में प्रेम, भाईचारा और शांति कायम होती है। दशहरा पर्व पर पं.विवेक शर्मा की जगराता कार्यक्रम रखा गया था लेकिन बेमौसम बारिश के चलते कार्यक्रम को स्थगित किया गया। जल्द ही कार्यक्रम को लेकर दशहरा उत्सव समिति के बीच बैठक रखा जाएगा व कार्यक्रम के लिए नई तारीख निकाली जाएगी और कार्यक्रम करायी जाएगी।

# किसानों की भागीदारी, पंचायतों की सामाजिक प्रतिबद्धता, नशा व बाल विवाह जैसे मुद्दों पर जनजागरूकता, और योजनाओं के क्रियान्वयन की गहनता को

**मुंगेली( समय दर्शन )** मुंगेली जिला कलेक्टर ने दिलाया नशा व बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराने की अपील, पारदर्शिता पर विशेष जोर मुख्यमंत्री के सुशासन की दिशा में विशेष पहल मुंगेली जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और आत्मनिर्भर, सशक्त पंचायत की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन लगातार जारी है। 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस श्रृंखला में हर ग्राम पंचायत को शासन की योजनाओं से सीधे जोड़ने, किसानों की समस्याओं को नजदीक से सुनने और समाज में सुधारात्मक पहल को गति देने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को विकासखंड मुंगेली के ग्राम धरमपुरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। सभा में कलेक्टर कुन्दन कुमार नोडल अधिकारी के रूप में शामिल हुए। उन्होंने न केवल किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया समझाई, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की।

किसानों के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल और डिजिटल क्रॉप सर्वे

सभा में मुख्य विषय किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन रहा। कलेक्टर ने समझाया कि इस पोर्टल से किसानों की फसल का रकबा, भूमि संबंधी विवरण और खरीदी की पात्रता का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा।उन्होंने कहा किसानों की सुविधा के लिए शासन ने भुइयां पोर्टल और पीवी एप को जोड़ा है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या समस्या ग्राम सभा में खुले तौर पर रखी जा सकती है। समिति स्तर पर छोटे किसानों का सत्यापन होगा, ताकि कोई भी किसान वंचित न रहे।सभा में मौजूद किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सूची पढ़कर सुनाई गई ताकि हर किसान अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से समझ सके।पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में कदम धान खरीदी व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने विशेष जोर दिया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और जिम्मेदाराना तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि खरीदी अवधि के दौरान कई अधिकारी गाँवों का दौरा करेंगे और मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे।कलेक्टर ने साफकिया कि शासन का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की दलाली या पक्षपात की गुंजाइश नहीं होगी।



**सामाजिक सरोकारों पर भी दिया गया बल-** ग्राम सभा केवल कृषि या योजनाओं तक सीमित नहीं रही। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने ग्रामीणों से नशा और बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प दिलवाया।उन्होंने कहा नशा समाज की जड़ों को खोखला करता है और बाल विवाह भविष्य की पीढ़ी के अधिकारों से समझौता है। यदि ग्राम पंचायत इन दोनों बुराइयों से मुक्त होगी, तभी वास्तविक विकास संभव है।सभा में उपस्थित महिलाओं ने इस संकल्प का उत्साहपूर्वक समर्थन किया। बड़ी संख्या में युवाओं ने भी नशामुक्ति के अभियान में साथ देने का वादा किया।बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान कलेक्टर ने ग्रामीणों को बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। पंचायत भवन की सराहना करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे भवनों का उपयोग शिक्षण, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी और जनहितकारी गतिविधियों के लिए होना चाहिए।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही गांव को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएगी। बालक-बालिकाओं को समान अवसर मिले, यही शासन की प्राथमिकता है।

**पंचायत स्तर की चुनौतियाँ और समाधान महिला सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी-** सभा में ग्रामीणों ने धान खरीदी से जुड़ी दिक्कतों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, नशाबंदी और पंचायत स्तरीय विकास कार्यों की समस्याएँ कलेक्टर के सामने रखीं।

जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने ईमानदारी से अपने सुझाव साझा किए। कलेक्टर ने हर विषय को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**महिला सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी-** महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधियों ने भी ग्राम सभा में उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं जैसे पोषण आहार, आंगनबाड़ी सेवाएँ, मातृत्व लाभ और महिला स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।महिलाओं ने अपनी समस्याएँ साझा करते हुए स्वास्थ्य और रोजगार संबंधी सुविधाओं में और सुधार की मांग रखी।

**संकल्प और वचन-** ग्राम सभा के समापन पर सभी उपस्थित ग्रामीणों और अधिकारियों ने शासन की योजनाओं को निष्ठा और पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने का वचन लिया।

सभा ने यह संदेश दिया कि यदि ग्राम स्तर पर ईमानदारी और जनभागीदारी से काम होगा तो जिले की हर पंचायत आत्मनिर्भर, शिक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त बन सकती है।

# कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण, बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति की ली जानकारी

### समयबद्धता के साथ कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता लाने के दिए निर्देश

**मुंगेली( समय दर्शन )**कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम कार्यालय मुंगेली, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर कार्यालय में उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सबसे पहले एसडीएम कार्यालय पहुंचकर वहां कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, लंबित राजस्व प्रकरणों और उनके निराकरण की स्थिति का जायजा लिया और समयबद्धता के साथ कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार अब सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी। तय समय पर कार्यालय पहुँचना और निर्धारित समय तक उपस्थिति दर्ज करना आवश्यक है। समय-सीमा के बाद अंगूठा लगाने पर अनुपस्थिति दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि कार्यालयों की कार्यक्षमता और आमजन की सुविधा के लिए अनुशासन एवं समयपालन बेहद जरूरी है। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 22 जगहों पर हुआ शस्त्र पूजन, दुर्गा वाहिनी की बहनों ने लिया आत्मरक्षा का संकल्प

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने मंगलवार को शहर के 22 स्थानों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बहनों और बालिकाओं ने मां दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप की आराधना करते हुए आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने का संकल्प लिया।

विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में विभाग मंत्री अनूप श्रीवास और जिला मंत्री त्रिगुण सादानी बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाना आना चाहिए। दुर्गा वाहिनी इसी दिशा में कार्य कर रही है, ताकि हमारी बहन-बेटियां आत्मनिर्भर और आत्मरक्षक बन सकें।

उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी की स्थापना अश्विनी शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2041 में हुई थी। यह संगठन युवतियों के सर्वांगीण विकास और हिंदू समाज को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है। 7 मई 1994 को दिल्ली में हुए अखिल भारतीय महिला सम्मेलन में पूज्य साध्वी ऋतंभरा को दुर्गा वाहिनी की



संयोजिका और डॉ. निर्मल पुरोहित को सह.संयोजिका बनाया गया था।

महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हुए आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी केंद्र की सह संचालिका बीके प्रभा दीदी और अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी की पूर्व प्रांतीय संयोजिका पूर्णिमा साहू ने की।

बीके प्रभा दीदी ने कहा कि हिंदू धर्म में प्रत्येक देवी-देवता ने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए हैं। मां दुर्गा की प्रत्येक भुजा में अस्त्र-शस्त्र हैं। ऐसे में आज की नारी को भी अपनी और समाज की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए।

शस्त्र पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने अपने घरों से खीर, पूरी और हलवा जैसी मिठाइयां बनाकर कन्याओं को भोजन कराया। साथ ही उन्हें श्रृंगार सामग्री भी भेंट की गई। इस आयोजन में मातृ शक्ति जिला संयोजिका अंजलि वाडेकर, सह संयोजिका बबीता मिश्रा, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका हेमा साहू, दुर्गा चौरे, मोना गोसाई, संगीता शुक्ला, कांति मौर्य, जमुना देवी साहू, उषा क्षत्रिय, संध्या शर्मा, ज्योति खंडेलवाल, सरिता साहू, विद्या यादव, जानकी यादव, रीना दीदी, पेमेंट चंद्राकर, कंचन स्कोर, लक्ष्मी शर्मा और मंजूषा दीदी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुईं। इस आयोजन को महिलाओं की आत्मरक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शास महाविद्यालय बसना मे गाँधी जयंती पर भजन संध्या,भ एवं स्वच्छता अभियान



**बसना ( समय दर्शन )।** स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना के प्राचार्य डॉ एस के साव के कुशल मार्गदर्शन में गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती के साथ विजयादशमी पर्व के पावन अवसर पर महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य ज्योति मानस मंडली द्वारा रामचरित मानस पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी के प्रिय भजन से हुई, जिसे मंडली के गायक लिंगराज पटेल एवं पुरंदर बंछोर ने गांधीजी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणादायी विचार एवं भजनों से शमा बाँधा। कार्यक्रम में एनआईसी प्रधान ने अपने विचार रखे। संचालन प्राचार्य डॉ. एस.के. साव ने किया। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गयी। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

### प्रणव शर्मा ने माता के पंडाल पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की



**पाटन।** क्षेत्र के लोकप्रिय सभापति इंजीनियर समाजसेवी युवा भाजपा नेता प्रणव शर्मा ने अपने क्षेत्र में विराजित मां दुर्गा के विभिन्न पंडालों में पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की, इस क्रम में वे ग्राम करसा, घुघुवा, रवेली, बेंदरी, पाहंदा, सांकरा आदि में विशेष रूप से उपस्थित हुए एवं माता जी की पूजा अर्चना कर आरती किया, ग्राम सांकरा में मारुति विहार में स्थापित माता के महा आरती में उपस्थित हुए, क्षेत्र में 9 दिनों तक लगातार नवरात्रि के भक्ति भावपूर्ण माहौल में रहकर पूजा अर्चना किए, ग्राम लोहारसी में दाऊ लाल चंद्राकर जी द्वारा आयोजित भागवत पुराण कथा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं कथा श्रवण किया, इसके बाद ग्राम बेंदरी में विजयदशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया, मुख्य अतिथि के रूप में विजयादशमी में उपस्थित होकर समस्त ग्राम वासियों को बधाइयां दिए, ज्ञात हो कि ग्राम बेंदरी में एक दिन पूर्व ही विजयादशमी उत्सव मनाया जाता है।

### उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा-पाटन में स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**पाटन।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय सांकरा-पाटन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया गया जिसमें दिनांक 26.9.2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट में राष्ट्रीय सेवा योजना सांकरा के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें ग्राम वासियों एव स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया, सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वयंसेवक गावों में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जगरूक किये और शपथ दिलाकर अपने गांव, शहर राज्य एवं देश को स्वच्छ बनाये रखने के लिए शपथ लिए. 02 अक्टूबर 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर विद्यार्थीयों द्वारा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालें और महाविद्यालय प्रांगण को साफसफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किए इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध, रंगोली, एव भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सेवा पखवाड़ा, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अमित दीक्षित के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गागेन्द्र सिंह राजपूत के सहयोग से सफल हुआ।

# नव नियुक्त राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी का जिला संघ ने किया स्वागत



**महासमुन्द( समय दर्शन )।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माननीय इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी को राज्य मुख्य आयुक्त के रूप में नियुक्त होने पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुन्द की ओर से स्वागत व परिचय सम्मेलन नवकिरण अकादमी के सभागार में येत राम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं चन्द्रहास चन्द्राकर जिला मुख्य आयुक्त व बीज निगम अध्यक्ष के अगुवानी में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्काउटिंग परम्परा अनुरूप कार्यक्रम प्रार्थना से प्रारम्भ हुआ ततपश्चात स्कार्फ से स्वागत के बाद जिला एवं विकासखंड पदाधिकारी व स्काउटर गाइडर द्वार बुके व पुष्प गुच्छ से सभी ने बारी बारी से स्वागत कर शुभकामनाएं दिये।

स्वागत उद्बोधन की कड़ी में जिला प्रशिक्षण आयुक्त सन्तोष साहू एलटी स्का ने जिला संघ की ओर से स्वागत करते हुए नव नियुक्त राज्य आयुक्त को जिला में स्काउटिंग गतिविधि की जानकारी से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे पदेन जिला आयुक्त स्का , देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, जिलाध्यक्ष येत राम साहू स्काउट्स एवं गाइड्स, चन्द्रहास चन्द्राकर जिला मुख्य आयुक्त एवं अध्यक्ष बीज निगम सभी ने जिला संघ की ओर से स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महासमुन्द जिला से इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का राज्य मुख्य आयुक्त बनाये जाने पर एक बार पुनः हम सभी जिला के लिये गर्व की बात है। आपके नेतृत्व में राज्य स्काउट गाइड उत्तरोत्तर प्रगति करेगा जिसके हम सभी सहभागी होंगे। साथ ही जिला के स्काउटर गाइडर के साथ स्काउट गाइड के बच्चों के बच्चे प्रेरित होकर और अधिक कार्य करेंगे जिससे जिला का नाम अग्रणी होगा। राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा गोल्डी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सबसे पहले प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय मुख्य मंत्री एवं गजेन्द्र यादव शिक्षा मन्त्री को धन्यवाद जिन्हीने मुझे एक नई जिम्मेदारी देकर स्काउट गाइड का प्रदेश का कमान दिया है। इसका श्रेय हमारे जिला के चन्द्रहास चन्द्राकर जी बीज निगम अध्यक्ष एवं येत राम साहू जी जिलाध्यक्ष को भी जाता है। इसलिये महासमुन्द जिला एवं ब्लाक संघ के समस्त पदाधिकारी स्काउटर गाइडर का दायित्व भी अब ज्यादा हो गया है आप सभी के साथ व सहयोग से स्काउट गाइड गतिविधि को पूरे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाने का प्रयास रहेगा। आप सभी ने मुझे सम्मान दिया इसके लिये आप सभी का धन्यवाद। अंत मे आभार प्रदर्शन लिनु चन्द्राकर डीओसी गाइड ने किया। कार्यक्रम का संचालन तुलेन्द्र कुमार सागर जिला मीडिया प्रभारी ने किया। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला एवं ब्लॉक संघ से येत राम साहू जिलाध्यक्ष, चन्द्रहास चन्द्राकर जिला मुख्य आयुक्त, राहुल चन्द्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, जिला उपाध्यक्ष गण एस चन्द्रसेन, जय पवार, सुधा साहू, अशोक अग्रवाल, आनंद साहू, देवीचन्द राठी उपाध्यक्ष नपा, कौशलेंद्र वैष्णव ब्लॉक अध्यक्ष महासमुन्द, पंकज हरपाल ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा, ब्लाक उपाध्यक्ष गण मनीष शर्मा, सुभ्रा शर्मा,राजेश सोनी, सहायक संचालक द्वय सतीश नायर एवं एन के सिन्हा, पंकज चन्द्राकर, महेन्द्र सिका, शरद मराठा, सन्तोष साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्का, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, लीनु चन्द्राकर डी ओ सी गाइड, अवधेश विश्वकर्मा डी ओ सी स्का, तुलेन्द्र कुमार सागर जिला मीडिया प्रभारी, ब्लाक सचिव गण लता वैष्णव महासमुन्द , झनेश साहू पिथौरा, शेषनारायण साहू बागबाहरा, मधु शर्मा सीनियर गाइडर, सुरेन्द्र मानिकपुरी सीनियर स्काउटर, नरेश नायक सीनियर स्काउटर, रेख राम पटेल स्काउटर उपस्थित रहे सभी ने नव नियुक्त राज्य मुख्य आयुक्त को बधाई व शुभकामनाएं देकर स्वागत किया गया ।

## गढ़फुलझर में रामचंडी दिवस की तैयारियां तेज, मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के जनप्रतिनिधि होंगे शामिल



**बसना( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्र के प्रसिद्ध देवियों स्थल माँ रामचंडी मंदिर गढ़ फूलझर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। 9 दिनों तक भक्तों ने माँ रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ श्रद्धा भाव से माता रानी की सेवा कर आशीर्वाद लिया । इस शारदीय नवरात्र में श्रद्धालु भक्तों ने व्रत रखकर विशेष आरती में भाग लिया एवं नवमी तिथि की हवन पूजन पश्चात विधिवत पूजा कर नौ कन्या भोज कराया गया।

नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

यहाँ प्रतिदिन भजन आरती के साथ शाम को बैठकी कीर्तन आयोजित किया जाता था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

संध्या के समय अपार संख्या में भक्त उपस्थित होकर आरती में भाग लिये। इस वर्ष 3058 भक्तों ने मां रामचंडी के दरबार में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए थे । आरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रतिदिन भोग भंडारा की व्यवस्था समिति के द्वारा किया गया था। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया।

मां के दर्शन करने समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचकर मां का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किये।

संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि नवरात्र पर्व के सफल आयोजन के बाद 5 अक्टूबर को आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को रामचंडी दिवस का आयोजन रखा गया है।

आपको बता दें कि रामचण्डी दिवस पर मध्य रात्रि को माँ रामचंडी की विशेष पूजा की जाएगी। एवं दिन मे वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है जिसके मुख्य अतिथि छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे तथा अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खाद्य आपूर्ति नागरिक मंत्री एवं महासमुंद जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, पर्यटन एवं संस्कृति न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व संसदीय सचिव त्रिविक्रम भोई, पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह, संरक्षक द्वय हरिचरण प्रधान एवं व्यासदेव भोई, जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान एवं ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच श्रीमती हरप्रीत कौर उपस्थित रहेंगे।

रामचंडी दिवस को सफल बनाने एवं भव्य रूप प्रदान करने के लिए कुल कार्यकारिणी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई जिसमें समाज के लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए समाज के लोग विशेष रूप से जुटे हुए हैं तथा इस दिन महाभंडारा का आयोजन रखा गया है। रामचंडी दिवस के

अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर आयोजित इस विशाल सम्मेलन में सरायपाली, बसना, पिथौरा अंचल सहित रायगढ़, सारंगढ़, सरगुजा, जशपुर एवं उड़ीसा क्षेत्र के सामाजिक बंधु शामिल होंगे। उक्त जानकारी समाज के सचिव व प्रफुल्ल सामल मंदिर संचालन समिति सचिव ने प्रदान की।

## गाँधी जयन्ती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन



**बसना( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमदरहा में 2 अक्टूबर को गाँधी जयंती के पावन अवसर पर आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत जमदरहा में ग्राम सभा में आदि कर्मयोगी के विलेज एक्शन प्लान सहित विभिन्न जनहित समस्याओं को पढ़कर सुनाया गया।

मानचित्र के बारे में जानकारी दी गयी। जिसे सभी ग्रामीण जनता द्वारा अनुमोदन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, क्क॥श्च विभाग एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

साथ ही आदि सहयोगी बेनुधर बरिहा, राजकुमार बरिहा, गांडाराय बरिहा, दीक्षित चंद्राकर, मनोज चौहान, महेंद्र बरिहा, सुरेन्द्र चौहान, मानसिंह बरिहा, विमला बरिहा, सविता बरिहा, बुंदकुंवर बरिहा, अंजू बरिहा, बसंती बरिहा, पंचायत सचिव रथलाल यादव, सरपंच प्रीतम चतुर्वेदी, ठाकुर राम पटेल- वन विभाग सहित आम जनताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही । मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष में सामाजिक अंकेक्षण 2025-26 की जानकारी शंकर सिंह सिदार प्रधान पाठक द्वारा बताया गया। कार्यक्रम के सेक्टर अधिकारी - सुखराम निराला परिक्षेत्र अधिकारी वन विभाग- बसना, डिजेन्द्र कुर्रे संकुल समन्वयक, जनपद सी ई ओ - पीयूष ठाकुर , ब्लॉक नोडल अधिकारी - बसना द्वारा हर्ष एवं बधाई प्रेषित किया गया।

## 2 अक्टूबर को ग्राम बटरेल में गाँधी जयंती समापन में पहुंचे सभापति जिला पंचयात दुर्ग प्रतिनिधि नारद साहू



**बेल्हारी ( समय दर्शन )।** दक्षिण पाटन के ग्राम बटरेल मे गाँधी जयंती के पावन पर्व पर रामधुनी का आयोजन रखा गया था! जिसमे मुख्यअतिथि के रूप मे उपस्थित नारद साहू सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग, लालेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा जामगांव क्र मंडल, गौतमचंद चौरडिया समाजसेवी, बसंत साहू उपसरपंच, सूरज निर्मलकर, केजुराम मंचासीन रहे!

यह आयोजन हुए...

1. जय शंकर रामधूनी पार्टी उमरपोटी-बटेरल
2. श्री भक्ति सागर रामधुनी पार्टी मनौद- बालोद

नारद साहू ने कहा की आज हम यहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में मोहनदास करमचंद गांधी को हम प्यार से बाबू कहते हैं गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे जिन्होंने अपने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों से भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई!

अध्यक्ष- योगी साहू
उपाध्यक्ष - कुमान साहू,
कोषाध्यक्ष -उत्तम साहू
सचिव- गुलसन
सह सचिव- रोशन निर्मलकर,
मंच संचालक- दया साहू

अनेश्वर साहू,सलेन्द्रसाहू, रिखी राम, कौसल सपहा, रूपराम, साहू, बिसवा राम, गगन, साहू, राजा, दिनेश देवागन, श्यामलाल, बीरेंद्र संडिल्य, हिरेन्द्र साहू, प्रकाश साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे!

# जँवारा, मूर्ति विसर्जन के साथ रिमझिम बारिश के बीच दशहरा पर्व पर रावण दहन

### दशहरा मैदान मे आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहा





**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर मे शारदीय नवरात्र की शुभ वेला पर नवदिन तक माँ दुर्गा के विविध रूपों की साज सज्जा नव कलेवर के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजन तथा पूजन अनुष्ठान ,हवन,नौ कन्या भोजन पश्चात श्री राम जानकी मंदिर समिति बसना द्वारा शक्ति पूजन पश्चात् नवमी तिथि को मंदिर परिसर में भण्डारा का आयोजन किया गया ।

जहाँ नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ों माताएं बहने एवं श्रृद्धालु भक्त वृन्द माता के भण्डारे मे प्रसाद ग्रहण किया ,वहीं आदर्श दुर्गोत्सव समिति बसना द्वारा भी विगत अनेक वर्षों से शारदीय नवरात्र पर माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापना कर विधि विधान पूजा अर्चना कर मण्डी प्रांगण में भण्डारा का आयोजन किया गया ।

इसी प्रकार टिकरापारा बसना स्थित समलेश्वरी मंदिर में भी शारदीय नवरात्र पर विगत नौ दिन तक पूजन अनुष्ठान पश्चात भण्डारा व सँवारा विसर्जन किया गया ।

राष्ट्रीय बजरंग दल एवं हिन्दू संगठन के बैनर तले नगर के युवाओं द्वारा विगत वर्षों से बाजार पड़ाव मे महेन्द्र साव ,मनहरण सोनवानी एवं बजरंगी टीम द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव का आयोजन भी आकर्षण का केन्द्र बनने लगा है,यहाँ आयोजित गरबा महोत्सव मे सैकड़ो बहनों ने भाग लेकर एक थीम पर भक्ति मय माहौल बना दिया। बाजार पड़ाव दुर्गोत्सव समिति द्वारा मूर्ति विसर्जन को आकर्षक बनाने ढोल ,तापों से सजे धूमाल पार्टी ने अपने करतब से सबका मन मोह लिया।

दशहरा के दिन श्री रामजानकी मंदिर बसना के तत्वावधान में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कन्या शाला परिसर मे सभी सनातनी एकत्रित हो कर श्रीराम, लक्ष्मण,हनुमान एवं जामवंत की मनमोहक झाँकी रथ मे आरूढ़ कराकर किर्तन,कर्मा एवं जय श्री राम के गगन भेदी जयघोष के साथ आतिशबाजी करते, नाचते-गाते नगर के मुख्य मार्ग होते हुए श्री राम जानकी मंदिर पहुँचकर पूजन पश्चात् शोभायात्रा थाना होकर दशहरा मैदान सीटी ग्राउण्ड पहुँची।

जहाँ महासमुन्द सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के आतिथ्य में रिमझिम बारिश के बीच रावण दहन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं सदस्य गण डॉ एन के अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, सतीस अग्रवाल, ओमप्रकाश चौधरी, आनंद मदनानी, अशोक जोशी,तरूण दास,राधेलाल अग्रवाल,जयनारायण अग्रवाल, अभय धृतलहरे, अजय अग्रवाल, बलदेव मिश्रा, शीत गुप्ता, भगतराम वाधवा, अनिल साव,जयभगवान राजेश अग्रवाल,नरेश राणा, रितेश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, विकास वाधवा, कामेश बंजारा, अमृत चौधरी,श्यामलाल रतन अग्रवाल, दिनेश डडसेना, अर्चक पुरोहित किशोर दास,संदीप शास्त्री, सुमन्त्र शास्त्री, श्याम किशोर, अमर राणा,सुरेश डडसेना एवं समिति के सभी सदस्यों के साथ नगर के गणमान्य जन उपस्थित रहे। बरसते पानी मे भी हजारों श्रद्धालु दशहरा मैदान मे रावण दहन के साक्षी बने । एसडीओपी ललिता मेहर एवं थाना प्रभारी नरेन्द्र राठौर स्वयं शोभायात्रा मे पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था हेतु चल रहे थे।

## खबर-खास

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने GRESB रैंकिंग में वैश्विक आवासीय डेवलपर्स में शीर्ष स्थान हासिल किया

**मुंबई :** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) (बीएसई स्क्रिप आईडी: GODREJPRP), जो भारत के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है, ने आज घोषणा की कि उसने 2025 ग्लोबल रियल एस्टेट सस्टेनेबिलिटी बेंचमार्क (जीआरईएसबी) में 100 अंकों का अपना सर्वोच्च स्कोर हासिल किया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज को वैश्विक आवासीय डेवलपर्स में नंबर 1 रैंक प्राप्त हुई है, जो उद्योग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और पहचान है। कंपनी 2013 से इस बेंचमार्क मूल्यांकन में भाग ले रही है। कंपनी की ईएसजी रिपोर्टिंग ग्लोबल रिपोर्टिंग इनिशिएटिव (जीआरआई) की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार की जाती है और उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए बाहरी स्तर पर प्रमाणित की जाती है। जीआरईएसबी एक ऐसी संस्था है, जो दुनिया भर के रियल एस्टेट संगठनों के लिए पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) बेंचमार्क प्रदान करती है। हर वर्ष, जीआरईएसबी दुनिया भर के प्रतिभागियों को मान्यता देता है और उनका सम्मान करता है, इस उम्मीद के साथ कि ये संगठन उद्योग में ईएसजी सुधारों को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। पिरोजशा गोदरेज, कार्यकारी चेयरपर्सन, गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने कहा, हम गोदरेज प्रॉपर्टीज की पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को मिली इस वैश्विक मान्यता के लिए गहराई से आभारी हैं। हमारा मानना है कि सतत प्रथाओं को अपनाना केवल हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए आवश्यक है। हम पूरी निष्ठा से अपने ईएसजी मानकों को लगातार ऊंचा उठाने और अपनी समुदायों व इस धरती के लिए सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बीवीजी इंडिया ने 300 करोड़ रुपये के नए इश्यू और 2.85 करोड़ शेयरों के ओएफएस के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

देश की सबसे बड़ी एकीकृत सुविधा प्रबंधन (आईएफएम) सेवा प्रदाता पुणे स्थित बीवीजी इंडिया लिमिटेड ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस निर्गम में 300 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2.85 करोड़ इक्विटी शेयरों का बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 250 करोड़ रुपये उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए निर्धारित किए गए हैं, जबकि शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाएगी। कंपनी तीन व्यावसायिक क्षेत्रों—एकीकृत सुविधा प्रबंधन (आईएफएम), आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाएँ (ईआरएस), और पर्यावरण एवं स्थायित्व सेवाएँ (ईएसएस)—के माध्यम से परिचालन करती है और औद्योगिक, वाणिज्यिक, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सरकारी और परिवहन अवसंरचना क्षेत्रों के ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करती है। आईएफएम के अंतर्गत, बीवीजी इंडिया मशीनीकृत हाउसकीपिंग, चौकीदारी सेवाएँ, औद्योगिक हाउसकीपिंग, जनशक्ति आपूर्ति, सुरक्षा, कार्यालय सहायता और खुदरा ईंधन आउटलेट रखरखाव जैसी सॉफ्ट सेवाएँ; इलेक्ट्रो-मैकेनिकल कार्य, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग (एमईपी) सेवाएँ, मरम्मत और रखरखाव, सड़क प्रबंधन, शहर की सफाई और अवसंरचना रखरखाव जैसी हार्ड सेवाएँ; और खानपान, पेंट-शॉप की सफाई, बैक-ऑफिस सहायता, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन और ईवी बस प्रबंधन सहित बेड़े संचालन जैसी विशेष सेवाएँ प्रदान करती है।

# मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर, 2 साल से पिस्टल लेकर घूम रहा था बदमाश

### दुर्ग में सीएसपी हर्षित मेहर की टीम की बड़ी कार्रवाई, मगर ACCU की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिले में संगठित अपराध और अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएसपी हर्षित मेहर (IPS) के नेतृत्व में टीम ने 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 6 जिंदा कारतूस, धारदार चाकू और 141 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई। साथ ही 3,920/- नकदी भी जब्त की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में पवन कुर्रे, विनोद कुर्रे, कृष्ण कुमार जोशी और सूर्यदेव कोठारी उर्फ गोपा शामिल हैं।

**2013 का पप्पू यादव हत्याकांड-** मुख्य आरोपी पवन कुर्रे और उसके एक साथी पर वर्ष 2013 में कसारीडीह निवासी पप्पू यादव की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। इस मामले में पवन कुर्रे को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। हालांकि, दो वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर वह जेल से रिहा हुआ।

पुलिस पूछताछ में पवन कुर्रे ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि उसके पास से बरामद पिस्टल वही



है, जिसे वह 10 साल पहले बिहार से मंगवाया था। उसने बताया कि यही पिस्टल आज भी उसके पास है।

**ड्राई डे पर दबिश-** ड्राई डे के दिन अवैध शराब बिक्री की सूचना पर सीएसपी हर्षित मेहर की टीम ने कसारीडीह में दबिश दी। तलाशी में 93 पौवा शराब, पिस्टल, कट्टा और कारतूस बरामद हुए। अन्य आरोपियों के पास से भी शराब और हथियार मिले।

**बड़ा सवाल – ACCU की भूमिका-** यह खुलासा पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आजीवन कारावास की सजा पाए आरोपी पर क्राइम ब्रांच (छ्ष्ट) की नजर क्यों नहीं थी? जो शख्स हत्या जैसे मामले में जेल जा चुका और सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर है, उसके पास वर्षों से पिस्टल होना पुलिस की निगरानी पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया हैं।

हमारी टीम को कसारीडीह में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी, जिस पर दबिश दी गई तो आरोपियों से अवैध शराब के साथ पिस्टल, कट्टा और कारतूस भी बरामद किया गया। मुख्य आरोपी पवन कुर्रे ने बताया कि उसने पिस्टल 10 साल पहले बिहार से लाया था फिर हत्या के मामले में जेल में सजा काट रहा था, दो साल से सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर है। सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

**हर्षित मेहर, आईपीएस**
**(सीएसपी दुर्ग)**

# विजयादशमी का पर्व हमें अहंकार को दूर कर सेवा, सत्कार भाईचारा सिखाता है- भावना बोहरा



### श्रीराम के आदर्श हमें अपनी कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं

**कवर्धा (समय दर्शन)।** माँ महामाया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मैदान में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आयोजन समिति के साथ सभी लोगों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका सीमा कौशिक द्वारा भक्तिमय भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसमें हजारों की संख्या में नगर व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और अधर्म पर धर्म व असत्य पर सत्य की जीत के इस महापर्व को भव्य रूप से मनाया। भावना बोहरा ने कहा कि श्रीराम जी के आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

विधायक भावना ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा, सत्कार एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। आज प्रभु श्रीराम जी के आदर्शों और उनके मार्गों का अनुसरण करके हम पंडरिया विधानसभा की सुख-समृद्धि एवं नगरवासियों की खुशहाली के लिए निरतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहें हैं वहीं विकास कार्यों और अधोसंरचन निर्माण जैसे कार्यों से पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस के शासन में 5 वर्षों तक हमारा पंडरिया विधानसभा उपेक्षित रहा, विकास कार्यों के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ, काम के बदले कमीशन का खेल खुलेआम चला, जनता की सुविधाओं को दरकिनार किया गया लेकिन जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाकर सुशासन का सूर्योदय किया जिसका प्रत्यक्ष परिणाम आज जनता के सामने है। अन्धकार से उजाले की ओर हमारा पंडरिया विधानसभा अग्रसर हुआ हैं जहाँ विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं, जनहित की योजनाओं ने इसे समृद्ध बनाया है।

उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। यह वह दिन है जब प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना की थी। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलते हुए, चाहे कितनी भी विपत्तियाँ आएँ, अंत में विजय सत्य की ही होती है। रावण, जो विद्या, शक्ति और वैभव में अतुलनीय था, अपने अहंकार और अधर्म के कारण परास्त हुआ। यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि हम अपने जीवन में उन बुराइयों, जैसे लालच, क्रोध, अहंकार का अंत करें और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाएँ। दशहरा केवल धार्मिक उत्सव तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक उत्साह का प्रतीक भी है। उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन एक ऐसी मिसाल है, जो हर युग और हर समाज के लिए प्रासंगिक है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में हर भूमिका,पुत्र, भाई, पति, राजा और योद्धा को पूर्ण निष्ठा और नैतिकता के साथ निभाया। उनके जीवन से हम सभी कर्तव्यनिष्ठा, न्याय और समानता, सहनशीलता और धैर्य एवं सामुदायिक एकता जैसे गुणों को अपनाकर शिक्षा और जागरूकता,आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समरसता एवं सुशासन स्थापित करने के लिए निरन्तर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सामूहिक प्रयास करें।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, जनपद सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, माँ महामाया दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# विजयादशमी के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस जवानों के द्वारा पुलिस लाइन गरियाबंद में शस्त्र पूजा किया गया

**गरियाबंद(समय दर्शन)।** विजयादशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक गरियाबंद, जितेंद्र चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरियाबंद, निशा सिन्हा अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद, गोपाल वैश्य उप पुलिस अधीक्षक पुलिस लाईन, सनत कुमार ठाकुर रक्षित निरीक्षक गरियाबंद, ओम प्रकाश यादव निरीक्षक थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद एवं पुलिस जवानों के द्वारा पारंपरिक शस्त्र पूजा का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया



गया। यह आयोजन रक्षित केंद्र गरियाबंद में सम्पन्न हुआ।

शस्त्र पूजा भारतीय परंपरा में शक्ति, साहस और आत्मरक्षा के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। यह पूजा न केवल सैन्य और पुलिस बलों के लिए विशेष महत्व रखती है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति या संस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है जो देश, समाज और धर्म की रक्षा से जुड़ा हुआ है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा शस्त्रों की पूजा कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दी और बल, शौर्य तथा धर्म की रक्षा के लिए सभी को संकल्पबद्ध किया गया।

### कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**गरियाबंद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कार्यालय परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर संदेश देते हुए देश की आजादी

### नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजो में नाम रुद्र पटेल पिता अशोक कुमार पटेल अंकित है, उसी प्रकार आधार कार्ड में नाम रुपान्तर पटेल पिता अशोक कुमार पटेल दर्ज है, किन्तु भूमि संबंधी दस्तावेज /अभिलेखो में नाम रूद्र पटेल पिता अशोक कुमार पटेल दर्ज है जो कि सभी नाम एक ही व्यक्ति का है, चूंकि मेरी पुत्र का वास्तविक नाम रूद्र पटेल पिता अशोक कुमार पटेल है जो कि सत्य एवं सही है तथा नाम में एकरूपता लाने हेतु इसी नाम को समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेज में लिखा व पढ़ा जाना व पहचाना एवं संबोधित किया जावे।।

सूचना जाने ।

**अशोक कुमार पटेल**
**पिता लेख राम**
**निवासी ग्राम हरदी पो सेमरिया**
**तहसील धमधा जिला दुर्ग**

# विजयादशमी पर माँ दुर्गा को दी भावभीनी विदाई,छिंद तालाब में भक्तों ने नम आँखों से किया प्रतिमाओं का विसर्जन

**गरियाबंद(समय दर्शन)।** नवरात्रि की भक्ति और उत्साह के साथ माँ दुर्गा की सेवा-पूजा करने के बाद गुरुवार को विजयादशमी पर माँ की प्रतिमाओं का विसर्जन नगर के छिंद तालाब में किया गया। विदाई के समय श्रद्धालुओं की आँखें नम थीं,पर मन में यह विश्वास था कि माँ अगले साल पुन: विराजमान होकर आएंगी।विसर्जन से पूर्व संतोषी मंदिर, डाक बंगला, शारदा चौक,बजरंग चौक सहित विभिन्न दुर्गा पंडालों में विशेष पूजा-अर्चना की गई।श्रद्धालुओं ने माँ का आशीर्वाद लेकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और जयकारे के बीच माँ दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सजाए गए वाहनों पर विराजमान रंग-



बिरंगी प्रतिमाओं के साथ मंदिरों से झांकियां निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जसगीत की धुन पर भक्त नाचते-गाते विसर्जन स्थल तक पहुंचे। बरसते पानी ने भी भक्तों का जोश कम नहीं किया। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सभी ने भक्ति गीतों और जय माता दी के उद्घोषों के साथ माँ को विदाई दी। नगर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक धार्मिक वातावरण गूंजता रहा।छिंद तालाब पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। क्रेन की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। तालाब में साफ-सफाई, रोशनी, पेयजल, नाव, रस्सी और तैराकों की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान पालिका के अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह सक्रिय रहे।

### न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) जिला-दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

**ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक / 202508100400305/विविध/2025**
**चौकी प्रभारी अंजोरा, थाना पुलगांव तहसील दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना/ चौकी में जप्त लावारिश/लादावा वाहनों के निराकरण / नीलामी की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त होने पर चौकी प्रभारी अंजोरा, थाना पुलगांव जिला दुर्ग द्वारा अपने चौकी/थाने क्षेत्रांतर्गत जप्त लावारिश वाहनों की जानकारी संबंधित परिवहन कार्यालय से लिया जाकर वाहन स्वामियों को वाहन रजिस्ट्रेशन पत्र के साथ उपस्थित होकर वाहन सरंक्षण में लेने हेतु नोटिस जारी किया गया था, जो अदम तामीली प्राप्त होने से नीलामी की कार्यवाही किये जाने बाबत् धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार ईस्तगासा तैयार कर प्रेषित किया गया है।

अत: वाहनों के नीलामी की कार्यवाही के पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से अनुसूची में दर्शित वाहनों के वाहन मालिकों को समाचार पत्र के माध्यम से संसूचित किया जाता है कि वे सूची में दर्शित वाहनों के सरंक्षण प्राप्ति हेतु दावा आपत्ति रखते हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ आगामी पेशी तिथि 10.10.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने अभिभावक / अभिभाषक/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से लिखित में दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है म्याद वाद पश्चात उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

चौकी प्रभारी अंजोरा, थाना पुलगांव जिला दुर्ग में जप्त लावारिश/लादावा वाहनों का विवरण क्यू.आर. कोड के माध्यम से देख सकते है-

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 24.09.2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
**दुर्ग (ग्रामीण), जिला-दुर्ग**

जी- 252603930/1

### न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाईनगर जिला-दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

**प्रकरण क्रमांक /1303/विविध/2025**
**थाना प्रभारी थाना भिलाई नगर जिला-दुर्ग (छ ग)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना/ चौकी में जप्त लावारिश/लादावा वाहनों के निराकरण / नीलामी की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी थाना गिलाई नगर जिला दुर्ग द्वारा अपने चौकी/थाने क्षेत्रांतर्गत जप्त लावारिश वाहनों की जानकारी संबंधित परिवहन कार्यालय से लिया जाकर वाहन स्वामियों को वाहन रजिस्ट्रेशन पत्र के साथ उपस्थित होकर वाहन सरंक्षण में लेने हेतु नोटिस जारी किया गया था, जो अदम तामीली प्राप्त होने से नीलामी की कार्यवाही किये जाने बाबत् धारा-28 पुलिस एक्ट अनुसार ईस्तगासा तैयार कर प्रेषित किया गया है।

अत: वाहनों के नीलामी की कार्यवाही के पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से अनुसूची में दर्शित वाहनों के वाहन मालिकों को समाचार पत्र के माध्यम से संसूचित किया जाता है कि वे सूची में दर्शित वाहनों के सरंक्षण प्राप्ति हेतु दावा आपत्ति रखते हो तो वाहन रजिस्ट्रेशन पत्रक एवं पहचान पत्र के साथ आगामी पेशी तिथि 13 10.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने अभिभावक/अभिभाषक/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से लिखित में दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है म्याद वाद पश्चात उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

थाना प्रभारी, थाना भिलाई नगर में जप्त लावारिश/लादावा वाहनों का विवरण क्यूआर कोड के माध्यम से देख सकते हैं।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 25.09.2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
**छावनी/भिलाईनगर, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

जी- 252603936/2

### सुमित्रा पी श्रीवास्तव ने इंडियनऑयल के निदेशक (मार्केटिंग) का कार्यभार संभाला

**मुंबई:** श्री सुमित्रा पी श्रीवास्तव ने इंडियनऑयल में निदेशक (मार्केटिंग) का कार्यभार ग्रहण किया है। उनके साथ इंडियनऑयल में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव जुड़ा है। श्री श्रीवास्तव ने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि आईआईटी रुड़की से प्राप्त की है और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एग्जिक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में चार वर्ष की सेवाओं से की और उसके बाद सेल्स फ़ंक्शन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए व्यवसाय के प्रमुख क्षेत्रों को दिशा दी। वह डाउनस्ट्रीम ऑपरेशंस, मार्केटिंग और स्ट्रैटेजी में गहन अनुभव रखने वाले कुशल कार्यकारी हैं। उनका नेतृत्व सहयोगात्मक एवं परिणामोन्मुखी शैली के लिए जाना जाता है। व्यवसाय वृद्धि, लाभप्रदता में वृद्धि और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने में उनकी सफलता का निरंतर रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने नॉन-फ्यूल कंवीनियंस स्टोर्स और रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट सहित कई प्रमुख परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। साथ ही उन्होंने टेक्नोलॉजी और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने वाली कई पहलों को आगे बढ़ाया। उन्होंने रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन ग्रुप के प्रमुख और उत्तर एवं पूर्व भारत के रिटेल बिज़नेस हेड के रूप में कार्य किया।

### Name Change

It is informed to the general public that i Jitendrasingh, Jitendra S/O Mr. Dalveer Singh resident of Junior MIG 969, Housing board bhilai,Distt.- Durg, 490026-(Chhattisgarh) have changed my old name Jitendraisngh, Jitendra S/O Mr. Dalveer Singh, So in future I should be recognized by my new name that is Jitendra Singh S/O Mr. Dalveer Singh in all government, Semi- Government and other necessary documents.


**Jitendra Singh**
**Junior MIG 969,**
**Housing board**
**bhilai,Distt.- Durg**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेन्द्रसिंह, जितेन्द्र पिता श्री दलवीर सिंह, निवासी जुनियर एम.आई.जी- 969, हाउसिंग बोर्ड भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम जितेन्द्र सिंह श्री दलवीर सिंह रख लिया हूं अत: आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नए नाम जितेन्द्र सिंह से ही जाना, पहचाना जावें।

**जितेन्द्र सिंह**
**जुनियर एम.आई.जी-969,**
**हाउसिंग बोर्ड भिलाई,**
**तहसील व जिला**
**दुर्ग (छ.ग.)**

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
बस्तर दशहरा 2025
बदलता बस्तर, संवरता बस्तर
माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
श्री अमित शाह जी
का
स्वागत-वंदन-अभिनंदन
कार्यक्रम : 4 अक्टूबर 2025
मुरिया दरबार
दोपहर 12: 00 बजे, सिरहासार भवन-जगदलपुर
बस्तर लोकोत्सव
दोपहर 1:00 बजे, लालबाग मैदान-जगदलपुर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
श्री अमित शाह
माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
हमसे जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर...
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in